नई दिल्ली
मंगलवार, 25 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 344
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 19

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

संसदीय स्थायी समिति ने की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को अनुशंसा

## तो प्रेस काउंसिल को मिल सकता है मीडिया कांउसिल के रूप में विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसदीय स्थायी समिति ने प्रेस काउंसिल को व्यापक कर मीडिया काउंसिल बनाने की सिफारिश सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से की है। मीडिया के विस्तार को देखते हुए उससे संबंधित मुद्दों, जैसे सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही, और ऑनलाइन सामग्री के नियमन को लेकर हाल के वर्षों में कई संसदीय समितियों ने चर्चा की है। संसदीय समिति (जैसे सूचना प्रौद्योगिकी समिति या कोई संयुक्त संसदीय समिति) ने मीडिया काउंसिल की स्थापना की सिफारिश करते हुए इस बात पर बल दिया है कि डिजिटल युग में बढ़ते हुए फेक न्यूज़, गलत सूचना, और मीडिया की जवाबदेही जैसे मुद्दों के समाधान और जिम्मेदारी तय करने के लिए प्रेस काउंसिल जैसी नियामक संस्था का विस्तार मीडिया काउंसिल के रूप में किया जाना चाहिए। समिति ने अपनी सिफारिश में मंत्रालय को ये भी सुझाव दिया है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ सूचना एवं तकनीकि मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय को मिलाकर एक बड़ी रेगुलेटरी बॉडी बनायी जा सकती है तो उस पर विचार किया जाना चाहिए ताकि बदलते आधुनिक युग में तेजी से बदलती मीडिया तकनीक पर निगरानी रखी जा सके, खासकर गलत खबर के प्रचार, प्रसार को समय रहते रोका जा सके।

सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति (जिसके अध्यक्ष पहले शशि थरूर रह चुके हैं) ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन न्यूज़ प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। इन चर्चाओं में कभी-कभी एक स्वतंत्र मीडिया नियामक या काउंसिल की स्थापना ⏩ शेष पेज 7 पर

बढ़ी हुई राशि 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी की गई है

# माननीयों की बल्ले-बल्ले, वेतन-भत्ते में 24 फीसदी तक की बढ़ोतरी, दो साल का बकाया भी मिलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



बमुश्किल पांच दिन पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने से कहा था जनप्रतिनिधियों के वेतन, भत्ते में एकरूपता लाने के लिए नेशनल पॉलिसी बनायी जानी चाहिए। किसी राज्य में कुछ है किसी राज्य में कुछ। कुछ आवाजें ऐसी भी आई कि कई राज्यों में वेतन, भत्ते विधायकों के सांसदों से ज्यादा हैं। तब बात सांसद विकास निधि को 5 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ करने का सुझाव सपा संसदीय दल के नेता रामगोपाल यादव ने दिया था जिसका सभी दलों ने सदन के अंदर एकसुर में समर्थन किया था। पहली कड़ी पूरी हो गई। सांसदों के वेतन, भत्ते में 24 फीसदी का इजाफा कर दिया गया है। मजे की बात ये है कि बढ़ी हुई राशि लगभग एक साल पहले 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी की गई है। यानी अब तक भुगतान कर दी गई 24 महीने के वेतन, भत्ते की बकाया राशि भी माननीयों को मिल सकेगा। सांसदों के वेतन, भत्ते की बढ़ोतरी महंगाई और लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को ध्यान में रखकर की गई है। संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम, 1954 के तहत प्रावधान है। सांसदों को मिलने वाले अन्य भत्ते जैसे निर्वाचन क्षेत्र भत्ता (70,000 रुपए) और कार्यालय खर्च भत्ता (60,000 रुपए) पहले से ही थे, जो अब बढ़े हुए वेतन के साथ उनकी कुल आय के पैकेज को और बेहतर बनायेंगे।

### माननीयों के वेतन, भत्ते के नये प्रावधान

- मासिक वेतन: सांसदों का वेतन पहले 1 लाख रुपये प्रति माह था, जिसे अब बढ़ाकर 1 लाख 24 हजार रुपये कर दिया गया है। यानी 24 फीसदी की सिर्फ वेतन में बढ़ोतरी।
- चुनावी क्षेत्र भत्ता: पहले 70 हजार था जो बढ़कर 87 हजार कर दिया गया।
- कार्यालय खर्चा: कंप्यूटर की जानकारी रखने वाले सहायकों के लिए पहले 40 हजार रुपए का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अब 50 हजार कर दिया गया।
- स्टेशनरी खर्चा: हर महीने 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया गया।
- फर्नीचर खर्चा: पहले 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार रुपया एक बार दिया जाएगा।
- दैनिक भत्ता: संसद सत्र या आधिकारिक काम के दौरान मिलने वाला दैनिक भत्ता 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है।
- पूर्व सांसदों की पेंशन: पहले 25 हजार रुपये प्रति माह थी, अब इसे बढ़ाकर 31 हजार रुपये कर दिया गया है।
- अतिरिक्त पेंशन: जिन सांसदों का कार्यकाल 5 साल से अधिक रहा ⏩ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## सीनियर आईएएस ऑफिसर अजय सेठ होंगे नए वित्त सचिव, मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** सीनियर ब्यूरोक्रेट अजय सेठ को सोमवार को नया वित्त सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में ये जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अजय सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। अजय सेठ को तुहिन कांत पांडेय की जगह ये पद दिया जा रहा है। अभी हाल ही में तुहिन कांत पांडेय को माधबी पुरी बुच के स्थान पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। सेबी का नया चेयरमैन नियुक्त किए जाने के बाद से ही वित्त सचिव का पद खाली हो गया था।

लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित हुई कार्यवाही...

# कर्नाटक में मुसलमानों को 4% आरक्षण, यूपी में बढ़ते अपराध पर दो बार स्थगित हुई कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में दिए जा रहे 4 फीसदी आरक्षण और उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। जिसकी वजह से सदन के विधायी कामकाज का महत्वपूर्ण अंग माना जाने वाला प्रश्नकाल, शून्यकाल भी नहीं हो सका और कार्यवाही को दो बार (11 बजकर 2 मिनट से 12 बजे तक और 12 बजकर 2 मिनट से 2 बजे तक) स्थगित करना पड़ा। हालांकि इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से प्रश्नकाल को आम जनता का महत्वपूर्ण समय बताते हुए पोस्टर के साथ सदन में हंगामा न करने की अपील की। जिसका उन पर कोई असर नहीं हुआ। इससे नाराज लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री से एक प्रस्ताव लाने की आग्रह किया। जिससे सदन में पोस्टर लाने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।



### सपा सांसद बोले, यूपी में भंग हुई कानून व्यवस्था

समाजवादी पार्टी के सांसदों ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मामले पर हाथों में पोस्टर लेकर लोकसभा के अंदर और संसद भवन परिसर में भी विरोध-प्रदर्शन किया। जिसमें यूपी की बेटियों को न्याय दो-न्याय दो, महिलाओं के विरूद्ध शोषण चरम पर, यूपी में बढ़ रहा अत्याचार निरंतर, यूपी की बेटियों पर अत्याचार, पूरा देश हो रहा शर्मसार जैसे नारे लिखे हुए थे। उन्होंने बलिया में एक बेटी के शव को लटकाने के मामले का जिक्र करते हुए सरकार से अपराधियों को फांसी देने की मांग करते हुए न्याय के लिए गुहार लगाई। पार्टी सांसदों के विरोध-प्रदर्शन के केंद्र में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार थी।

### डी.के. शिवकुमार की बर्खास्तगी की उठी मांग

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही सत्ता पक्ष में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में दिए जा रहे 4 फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि देश में कहीं पर भी धार्मिक आधार पर संविधान में आरक्षण देने की कोई व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक में ऐसा किया गया है। अगर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सही मायने में



संविधान को मानती है तो उसे अपने वरिष्ठ नेता (डी.के.शिवकुमार) को बर्खास्त करना चाहिए या फिर अल्पसंख्यक समुदाय को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव की अपनी योजना बतानी चाहिए। इसका कांग्रेस ने जोरदार अंदाज में विरोध किया। वहीं, इस घटनाक्रम के साथ-साथ सदन में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने पोस्टर के साथ उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए हंगामा किया। जिसे लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी भरे लहजे में रोकने की कोशिश की और संसदीय कार्य मंत्री से उक्त सांसदों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए कहा। लेकिन हंगामा कर रहे सांसद नहीं माने। जिसके बाद कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 12 बजे के बाद भी सदन के हालात नहीं बदले और हंगामा चलता रहा। जिसकी वजह से सदन की कार्रवाई को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।


चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा जबकि अंतिम रिपोर्ट आठ महीने के भीतर फाइल की जाएगी

## विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा रिटायर जज की अगुआई में एक नेशनल टास्क फोर्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की।

कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। 19 मार्च को गुजरात के लॉ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की खुदकुशी के मामले का भी जिक्र किया। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा-हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की ⏩ शेष पेज 7 पर



### दो छात्रों के मां पिता की याचिका

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली में हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था।

### टास्क फोर्स को अदालत ने दी विशेष ताकत

*पीठ ने कहा कि टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान, मौजूदा नियमों का विश्लेषण और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें शामिल होंगी। अदालत ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में टास्क फोर्स के पास किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने का अधिकार होगा। चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा, जबकि अंतिम रिपोर्ट अधिमानतः आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी।*

कांग्रेस के शशि थरूर ने बताया विधेयक को सरकारी लीपापोती

## वित्त विधेयक को लेकर दोनों पक्षों के बीच चला आरोप, प्रत्यारोप का सिलसिला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही की शुरुआत हुई। पीठासीन सभापति संध्या राय ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाने के बाद वित्त विधेयक-2025 पर चर्चा की शुरुआत करवाई। कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को सबसे पहले बोलने का मौका दिया गया।

उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विधेयक एक सरकारी लीपापोती से ज्यादा और कुछ नहीं है। इसमें वित्त मंत्री मानो जोड़-तोड़ के उत्कृष्ट उपायों का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। एक ऐसे समय में जब देश को स्पष्टता, दृढ़ विश्वास और निर्णायक नेतृत्व की नितांत आवश्यकता है। सरकार का आर्थिक प्रबंधन संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाले सरकार की तमाम बड़ी परियोजनाएं रुकी पड़ी हुई हैं, केंद्र देश में आर्थिक विश्वास बहाल करने में असमर्थ साबित हुआ है।

### गैराज के मैकेनिक से जोड़ा वित्त मंत्री का भाषण

थरूर ने वित्त मंत्री के भाषण को गैराज के एक मैकेनिक से जोड़ते हुए कहा, जो कहता है कि मैं आपके ब्रेक ठीक नहीं कर सकता हूं, इसलिए मैंने तेज हॉर्न दबा दिया। ठीक उसी तरह से इस विधेयक को देखकर लगता है कि वित्त मंत्री करदाताओं से कह रही हैं कि मैं छत ठीक नहीं कर सकती। इसलिए मैं आपके लिए छाता लेकर आई हूं। उन्होंने जीएसटी को दुनिया का सबसे जटिल और भ्रामक कर ढांचा बताया। इसमें दुनिया की सर्वाधिक 28 फीसदी कर दर भी शामिल है। इसके बावजूद कर राजस्व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 18 फीसदी है। चीन से तुलना करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि चीन में जीएसटी सीमा 13 फीसदी है। लेकिन वह जीडीपी का 20 फीसदी संग्रह करते हैं।

### वित्त मंत्री की गैरमौजूदगी पर उठाए सवाल

सदन में विधेयक पर चर्चा की शुरुआत के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कुछ देर के लिए उपस्थित नहीं थी। इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर के अलावा विपक्ष के कुछ अन्य दलों के जन प्रतिनिधियों ने भी विरोध जताया। जिसके जवाब में पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि वित्त जल्द ही सदन में आएंगी। अभी वह राज्यसभा में बैंकिंग के विषय पर चल रही कार्यवाही में भाग ले रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विधेयक को सदन में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पेश किया है और वह इस वक्त सदन में मौजूद हैं। जल्द ही निर्मली सीतारमण भी सदन में उपस्थिति ⏩ शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की अनुसंशा

## जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



जस्टिस यशवंत वर्मा को लेकर सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने सोमवार को एक बैठक की। इस बैठक के बाद कोलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने के फैसले का समर्थन किया। हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अपील की गई है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट न भेजा जाए। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सोमवार को लाइब्रेरी हॉल में इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में 11 प्रस्ताव पास किए गए। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पास कर सीजेआई ⏩ शेष पेज 7 पर

युवती बचने के लिए ट्रेन से कूदी

## हैदराबाद में चलती ट्रेन में युवती से रेप की कोशिश



महिला कोच में अकेली थी तभी हुई जबरदस्ती

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

एक युवती के साथ चलती ट्रेन में रेप करने की कोशिश की गई। खुद को बचाने के लिए युवती चलती ट्रेन से कूद गई। जिसके बाद वह घायल हो गई। घटना 22 मार्च की शाम को कोमपल्ली के पास रात करीब 8:15 बजे हुई। जब युवती हैदराबाद के सिकंदराबाद स्टेशन से मेडचल जाने वाली ट्रेन के महिला कोच में अकेले यात्रा कर रही थी। युवती ने पुलिस को बताया कि कोच में यात्रा कर रही दो महिला यात्री अलवल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गईं। उसके बाद मैं कोच में अकेली थी। तभी ⏩ शेष पेज 7 पर

पीएम हवाई सेवाओं का करेंगे शुभारंभ

## 14 अप्रैल को हरियाणा आएंगे पीएम मोदी, देंगे दो सौगातें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें यमुनानगर में 7272.06 करोड़ रुपये की लागत से दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास तथा महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे, हिसार से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करना शामिल है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विपुल गोयल और कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने जानकारी देते ⏩ शेष पेज 7 पर

अलग-अलग देशों के नौसैन्य कर्मी एक साथ सुनयना जहाज पर खाएंगे, पीएंगे, सोएंगे

चीन की आक्रामकता के बीच हिंद महासागर क्षेत्र के मजबूत भागीदार और सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले बल के रूप में बढ़ेगी क्षमता

# नौसेना ने पहली बार शुरू की 'आईओएस सागर' और 'अकेयम युद्धाभ्यास' जैसी अनोखी पहल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक अहम-पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और सबसे पहले प्रतिक्रिया के साथ सहायता प्रदान करने वाले समुद्री बल के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके लिए उसने 'इंडियन ओसियन शिप 'सागर' और 'बहुपक्षीय अकेयम युद्धाभ्यास' जैसी दो नई और अनोखी पहल की पहली बार शुरुआत की है। दोनों के केंद्र में अफ्रीका महाद्वीप के पूर्वी भाग में मौजूद भारत के मित्र देश (एफसीसी) शामिल हैं। आईओएस सागर के लिए नौसेना के अपतटीय जहाज सुनयना ⏩ शेष पेज 7 पर

### सुनयना पर सवार होंगे 9 देशों के 44 कर्मी



वाइस एडमिरल सोबती ने बताया कि आईओएस सागर के तहत भारतीय नौसेना के साथ अफ्रीकी महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका) के 44 कर्मी सुनयना जहाज पर सवार होकर हिंद महासागर के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में एक साथ समुद्री गश्त के साथ विशिष्ट आर्थिक जोन (ईईजेड) की निगरानी करते हुए नजर आएंगे। इनकी यह तैनाती कुल 33 दिन की होगी। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले महीने 5 अप्रैल को कारवार नौसैन्य अड्डे से हरी झंडी प्रदान करेंगे। इसका समापन 8 मई को होगा जिसमें जहाज कोच्चि वापस लौटेगा। आईओएस सागर की एक खास बात यह भी है कि इसमें इतनी बड़ी तादाद में अलग-अलग देशों के नौसैन्य कर्मी एक साथ सुनयना जहाज पर खाएंगे, पिएंगे, सोएंगे और अपने मिशन को पूरा करेंगे। आईओएस सागर और अकेयम से नौसेना की बाकी अफ्रीकी देशों की नौसेनाओं के साथ आपसी समझ बढ़ेगी, अनुभवों को साझा करेंगे, समुद्री क्षेत्र में अंतर-परिचालन क्षमता और अधिक सशक्त होगी।

### 13 अप्रैल को शुरू होगी अकेयम

नौसेना के उप प्रमुख ने कहा कि 13 अप्रैल से तंजानिया के दार-एस-सलाम में होने वाला अफ्रीका इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट (अकेयम) युद्धाभ्यास कुल 6 दिन का होगा। जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसका समापन 18 अप्रैल को होगा। भारत और तंजानिया की पीपल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) युद्धाभ्यास की सह-अध्यक्षता करेंगी। इसमें भारत के साथ कोमोरोस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाएं शामिल होंगी। अकेयम का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा खतरों जैसे समुद्री डकैतों, मानव-मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसी मामलों के खिलाफ सहयोग बढ़ाना है।

### दो साथी अभी भी चल रहे है फरार, पुलिस कर रही तलाश

# व्यापारी को नकली सोना थमा 30 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने एक व्यवसायी को नकली सोना बेचकर 30 लाख रुपये का चुना लगाने वाले ठग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति का नाम उत्तम नगर निवासी मोहन राय है, जबकि इसके दो साथी अब भी फरार हैं। इसके पास से 1.70 लाख रुपये कैश भी बरामद हुआ हैं।

पुलिस के मुताबिक, गत वर्ष 20 नवंबर को पश्चिम विहार के व्यवसायी गौरव सोनी को हार्डवेयर की दुकान के मालिक रमेश शर्मा ने एक महिला से मिलवाया। उसे उन्होंने 'मां' बताया जबकि दो अन्य लोगों ने खुद को पिता और पुत्र बताया। पुलिस ने बताया कि तीनों ने सोनी को बताया कि मथुरा स्थित उनके घर में खुदाई के दौरान सोना निकला है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) आकांक्षा यादव ने बताया कि शुरुआत में जालसाजों ने सोनी को सोने के दो मोती दिए, जो 78 प्रतिशत शुद्ध सोने के थे। सोनी का भरोसा जीतकर आरोपियों ने बाद में करीब दो किलोग्राम वजन का गले का हार दिया और 80 लाख रुपये में सौदा तय किया। उन्होंने बताया कि सोनी ने हार को असली मानकर 30 लाख रुपये का इंतजाम किया और बाकी के रुपये सोने की शुद्धता की जांच के बाद देने को कहा। अधिकारी ने कहा कि सोनी ने सोना ले लिया लेकिन जब उसकी जांच कराई तो यह नकली हार निकला। पुलिस ने बताया कि सोनी ने जब तीनों से संपर्क करने की कोशिश की तो उनके फोन बंद मिले। 25 दिसंबर को पालम गांव थाने में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने 100 से अधिक मोबाइल नंबरों और आईएमईआई रिकॉर्ड का विश्लेषण किया तथा आखिरकार तीन मार्च को मोहन राय नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान राय ने बाबू लाल और लक्ष्मी के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम देने की बात कबूल की। राय ने बताया कि धोखाधड़ी की रकम से उसे 9.5 लाख रुपये मिले थे। पुलिस अन्य दो की तलाश कर रही है।

## 10 लाख की आर्टिफिशियल जूलरी चोरी में तीन पकड़े



**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की सदर बाजार पुलिस ने दो शातिर चोरों और एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 लाख रुपए के चोरी हुये कृत्रिम आभूषण बरामद हुये हैं। पकड़े गये आरोपियों के नाम मोहम्मद फरमान, ओमकार और मोहम्मद हसमुद्दीन हैं। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार 16 मार्च को कृत्रिम आभूषणों के 19 पार्सल चोरी होने के संबंध में एक ऑनलाइन ई-एफआईआर सदर बाजार थाने में दर्ज की गई थी। आगे की जांच के लिए एसीपी करण सिंह राणा और एसएचओ सहदेव सिंह तोमर के नेतृत्व में एसआई तरुण कुमार को जांच सौंपी गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किये गये। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को सदर बाजार मार्केट के दुकानदारों ने उसे सूचित किया कि मुंबई से ट्रेन के जरिये नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 19 कार्टून कृत्रिम आभूषण आए हैं। उन्होंने उसे इन पार्सल को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ले जाने और उनकी दुकानों पर पहुंचाने के लिए कहा। उनके निर्देशानुसार वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा और सदर बाजार मार्केट के दुकानदारों को देने के लिए कृत्रिम आभूषणों से भरे 19 पार्सल अपनी बैलगाड़ी में लाद लिए। लेकिन वह इन पार्सल को संबंधित दुकानदारों तक नहीं पहुंचा सका, क्योंकि होली के त्यौहार के कारण बाजार बंद था। इसलिए उसने अपनी बैलगाड़ी को सराय खलील, डीडीए फ्लैट्स, ईदगाह रोड, सदर बाजार के पास सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और अपने पिता से रात के दौरान इन पार्सल की देखभाल करने के लिए कहा। अगले दिन सुबह यानि 15 मार्च को लगभग 6 बजे जब वह वापस आया तो उसने पाया कि पार्सल बैलगाड़ी से चोरी हो चुके थे। जांच के दौरान पुलिस टीम ने संबंधित समय और स्थानों के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी निगरानी की मदद से पता चला कि मोबाइल नंबर मोहम्मद हसमुद्दीन का है जो संगम विहार, वजीराबाद में कबाड़ी का काम करता है। उसके बाद 22 मार्च को हसमुद्दीन को उसके किराए के मकान के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी के सभी 19 कार्टून आर्टिफिशियल ज्वैलरी बरामद कर ली गई। इसने चोरी का माल छिपाने के मकसद से 4-5 दिन पहले ही मकान किराए पर लिया था। बाद में 23 मार्च को उसकी निशानदेही पर इस मामले में दो आरोपियों मोहम्मद फरमान और ओमकार को भी गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ में पता चला कि अपराध करने में उनके साथ दो साथी साजिद और कालू भी शामिल थे। दोनों के संभावित ठिकानों पर छापे मारे गए, लेकिन वे फरार है।

## हत्या और डकैती के मामले में भगौड़ा घोषित बदमाश अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ समयपुर बादली के हत्या और डकैती के मामले के अलावा भी दर्ज थे दर्जनभर से अधिक मामले

क्राइम ब्रांच की उत्तरी रेंज 2, टीम द्वारा दो मामलों में भगौड़े घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। समयपुर बादली के हत्या और डकैती के मामले के अलावा भी इस पर दर्जनभर से अधिक मामले चल रहे थे। आरोपी सुमित उर्फ पंकज उर्फ हकीरी (27) एमसीडी कॉलोनी, समयपुर बादली का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता सोनू ने बताया था कि 2017 में उसके पड़ोस के राहुल नामक लड़के की प्रदीप उर्फ विक्की ने हत्या की थी। घटना के बाद सोनू के चाचा नरेश के बयान के आधार पर केस दर्ज किया गया था। इसके बाद प्रदीप उर्फ विक्की ने परिवार को धमकाना शुरू कर दिया और उन्हें अदालत में उसके खिलाफ गवाही न देने की चेतावनी दी। धमकियों के बावजूद परिवार ने गवाही देना जारी रखा और परिणामस्वरूप प्रदीप उर्फ विक्की को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 29 नवंबर 2019 को प्रदीप अपने साथियों सुमित उर्फ हकीरी और अभिषेक उर्फ मोनू के साथ पिस्तौल से लैस होकर सोनू के घर पहुंचा। उन्होंने प्रदीप के खिलाफ गवाही देने पर उसे सबक सिखाने की धमकी देते हुए गोलियां चलाई। इस दौरान सोनू गोली लगने से घायल हो गया था। यह मामला भी समयपुर बादली थाने में दर्ज हुआ था। जांच के दौरान तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन सुमित जमानत मिलने के बाद कोर्ट में पेश नहीं हुआ। नतीजतन उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। सुमित को उस समय अरेस्ट किया गया जब वह एमसीडी कालोनी समयपुर बादली में अपने परिचित से मिलने पहुंचा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि सुमित को समयपुर बादली में एक अन्य मामले में भी भगोड़ा घोषित किया गया था। यह डकैती से संबंधित मामला था। 13 मामलों में इसकी संलिप्तता पाई गई है।

## चोरी के दौरान की थी दंपति की हत्या, दो आरोपी पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले की सुभाष प्लेस पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ बुजुर्ग दंपति के सनसनीखेज कत्ल का मामला सुलझा लिया है। इनसे चोरी किये गये 30 हजार रुपये कैश, एक सोने की चूड़ी, अपराध का हथियार यानी हथौड़ी और एक दुपट्टा जिसका इस्तेमाल गला घोंटने में किया गया था बरामद किया गया है। इसके अलावा एक देशी पिस्तौल और तीन कारतूस भी बरामद हुये हैं। एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम रवि निवासी हस्तशाल विहार, उत्तम नगर और दीपक उर्फ पंकज निवासी करण विहार, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली है। पुलिस को मामले की सूचना 18 मार्च को प्राप्त हुई थी। पुलिस मकान नंबर 317, कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा पहुंची, जहां तीसरी मंजिल के घर में अलग अलग कमरों से बुजुर्ग दंपति की लाश बरामद हुई। जांच में पता चला कि मृतक व्यक्ति का नाम मोहिंदर सिंह (70) और उनकी पत्नी दलजीत कौर (71) है। इस पते पर दोनों अकेले रह रहे थे। उनकी देखभाल के लिए जिम्मेदार अटेंडेंट घर से गायब पाया गया।

मामले में और संदेह पैदा हो गया। मृतक के बेटे मनप्रीत ने आगे कहा कि एटा यूपी का रहने वाला रवि उसके माता-पिता के लिए पहले अटेंडेंट के रूप में कार्यरत था। हालांकि पिछले 3-4 दिनों से रवि ने अपने स्थान पर एक नए व्यक्ति को भेजा था। इसके बाद रवि के आवास पर छापेमारी की गई और उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने जुर्म कबूल लिया। बाद में रवि की निशानदेही पर दीपक को भी पकड़ लिया गया।

## धोखाधड़ी और जमीन हड़पने के मामले में वांटेड अपराधी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की पश्चिमी रेंज 2, टीम ने एक वांछित और घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस पर धोखाधड़ी और जमीन हड़पने का केस दर्ज था। आरोपी का नाम सुनील कुमार बताया गया है। इसके खिलाफ छावला थाने में केस दर्ज था।

डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार सुनील कुमार गांव दीनपुर, नजफगढ़ निवासी हैं। इसे 5 अक्टूबर 2024 को भगोड़ा घोषित किया गया था। आरोपी शख्स संपत्ति खरीदारों को धोखा देने और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर जमीन हड़पने की गतिविधियों में शामिल पाया गया था। उसका यह पहला अपराध नहीं था। पहले भी इस पर जबरन वसूली के मामले सहित पांच मामलों दर्ज थे। आरोपी फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन ट्रैकिंग के साथ ही सोशल मीडिया गतिविधि की निगरानी कर इसे नजफगढ़-बिजवासन रोड पर छावला से दबोचा। पुलिस जांच में पता चला कि सुनील शुरुआत में इनवर्टर और बैटरी के सप्लायर के रूप में काम करता था। अवैध तरीकों से धन कमाने की उसकी इच्छा ने उसे अपने गांव दीनपुर में प्रॉपर्टी डीलिंग और जमीन हड़पने के मामले में कुख्यात सूरजभान उर्फ बल्लू के साथ शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उसने नजफगढ़-छावला क्षेत्र में विवादित भूखंडों को निशाना बनाया। इन्होंने जाली दस्तावेजों और धोखाधड़ी के तरीकों से अवैध रूप से संपत्तियों को जब्त करने की साजिश रची। पुलिस का मानना है कि सुनील की गिरफ्तारी क्षेत्र में अवैध भूमि हड़पने की गतिविधियों को खत्म करने में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## टैक्सी ने बाइक को मारी टक्कर, डिलीवरी ब्वॉय की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के हौज खास थाना इलाके में रविवार आधी रात के बाद एक टैक्सी चालक ने वाहन से नियंत्रण खोते हुये एक डिलीवरी ब्वॉय की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई। मृतक का नाम चंद्रहास यादव (30) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी टैक्सी चालक को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार हादसा रविवार आधी रात के बाद करीब सवा एक बजे दिलीप सिंह मार्ग टी-पॉइंट के पास हुआ। कार ने बाइक को टक्कर मारी थी। इसके बाद टैक्सी डिवाइडर से टकरा गई। टैक्सी ड्राइवर का नाम चमनप्रीत सिंह (20) निवासी लाडो सराय है। उसे पकड़ लिया गया है। पूछताछ में आरोपी चालक ने बताया कि कार से उसका नियंत्रण खो गया था। मृतक चंद्रहास यादव चिराग दिल्ली का रहने वाला था। वह स्विगी डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। यादव मूलरूप से आजमगढ़, यूपी का रहने वाला था। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे बताये जाते हैं।

## शख्स ने खुद को गोली से उड़ाया आर्थिक तंगी से था परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ अवैध पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में सोमवार को एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा आगे की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम प्रशांत कौशिक बताया गया है। उसने अपने परिवार के सामने ही यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस को घर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कौशिक खराद की दुकान पर काम करता था। शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि परिवार आर्थिक तंगी से जुझ रहा था।

पुलिस के अनुसार कौशिक सोमवार सुबह घर पर शराब पी रहा था। इसी दौरान उसने अपने सिर के दाहिने हिस्से में गोली मार ली। घर में उस समय कौशिक की पत्नी व 13 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटा भी मौजूद था। जांच पड़ताल में पता चला कि वह वित्तीय समस्याओं के कारण तनाव में था। उस पर कर्ज था और एक महीने से अधिक समय से उसके पास नियमित काम भी नहीं था। वहीं पुलिस का कहना है कि हम इस पहलु की भी जांच कर रहे हैं कि कौशिक ने पिस्तौल कहां से खरीदी। क्राइम और फोरेंसिक टीमों ने भी घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए हैं।

## निगम शिक्षक को नेता विपक्ष ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देने वाले दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले शिक्षक सतपाल की हौसला अफजाई की। इस दौरान नेता विपक्ष राजा इकबाल ने अपने कार्यालय, सिविक सेंटर में बुलाकर शिक्षक सतपाल को शॉल देकर और श्री राम जी का पटका पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया। साथ ही मौजूद अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया। वहीं, बता दें कि इससे पहले शिक्षक न्याय मंच नगर निगम यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप खत्री व अन्य शिक्षकों ने शिक्षक सतपाल को स्कूल जाकर सम्मानित किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नकुल,** पुत्र चेतन, निवासी- ए-27, ख़ुशी राम पार्क, उत्तम नगर ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 388/23 धारा 356/379/411/34 भा.द.स थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नकुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नकुल** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नकुल, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 388/23 धारा 356/379/411/34 भा.द.स थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री नीतिका कपूर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/3588/DW/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. विपिन कुमार @ बिल्ला, पुत्रः मुन्ना लाल, निवासीः ए–2/338, हर्ष विहार, दिल्ली 2. अनूप कुमार, पुत्र जिले सिंह, निवासी ग्राम अफजलपुर, थाना. साहिबाबाद, गाजियाबाद, यू.पी** ने **FIR No. 316/15, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.विपिन कुमार @ बिल्ला, 2.अनूप कुमार** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.विपिन कुमार @ बिल्ला, 2.अनूप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **1.विपिन कुमार @ बिल्ला, 2.अनूप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री संघमित्रा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कक्ष क्रमांक – 54**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/3625/SHD/2025**

### धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता

# नीली छतरी वाले मंदिर को कोई नुकसान नहीं होगा : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को यमुना बाजार स्थित नीली छतरी वाले मंदिर का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर को कोई नुकसान नहीं होगा और यदि किसी भी तरह की संरचनात्मक क्षति हुई है, तो उसे तुरंत पुनः बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह मुझे व्हाट्सएप पर संदेश मिला कि मंदिर को तोड़ा जा रहा है।

इसी कारण मैं तुरंत यहां पहुंचा और खुद निरीक्षण किया। मैं सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मंदिर पूरी तरह सुरक्षित है और किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से वाल्मीकि समाज को अपना पूरा समर्थन देते हुए कहा कि उनकी आस्था और धार्मिक धरोहर की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा और अगर कहीं कोई गलती हुई है तो उसे तुरंत सुधारा जाएगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्थानीय लोगों से अपील की कि इस मामले का राजनीतिकरण न करें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर अफवाहें फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करना। वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंदिर को कोई नुकसान न पहुंचे और यदि कोई मरम्मत कार्य आवश्यक हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा, कहीं ठेस लगी तो सड़कों पर होगा प्रदर्शन

नई दिल्ली। राजधानी में पांडव कालीन प्राचीन मंदिरों में शामिल यमुना बाजार के पास स्थित नीली छतरी वाले मंदिर को तोड़ने को लेकर मामला बहुत तेजी से गर्मा गया है। सोमवार को जैसे ही खबर लगी कि महादेव के इस ऐतिहासिक मंदिर को तोड़ा जाने वाला है वैसे ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मंदिर स्थल पर पहुंच गया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व डीडीए से अपील भी की और चेतावनी भी दी कि यदि यमुना किनारे स्थित नीली छतरी मंदिर और पंच बावरी के कुलदेवता मंदिर को गिराने का प्रयास किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। इस मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा ही अब मंदिरों को तोड़ने लगी है। कांग्रेस यहां मंदिर को किसी भी कीमत पर टूटने नहीं देगी।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | बालग्राम राई जिला सोनीपत के हॉल में ऑडियो विडियो प्रणाली का प्रावधान + 2 कार्य। | 22.03.2025 02.04.2025 | 17.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज खण्ड बोंद कलां | गांव अचीना में शैड का निर्माण (झिल्ली पाना चौपाल) + 3 कार्य। | 21.03.2025 28.03.2025 | 44.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंडवान ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण + 3 कार्य। | 20.03.2025 26.03.2025 | 70.363 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, झज्जर | जलापूर्ति तकनीकी. उपमंडल सं. झज्जर की रइया माइनर में पानी डालने हेतु गांव गवालिसन में एक अदद वीटी पम्प सैट क्षमता 5 सीएस और 2 अदद वीटी पम्प सैट्स 5 सीएस क्षमता वाले गांव बम्बुलिया कापरवास लिंक ड्रेन में पानी डालने हेतु की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा जलापूर्ति तकनीकी डिवीजन झज्जर में 13 अन्य कार्य + 13 अन्य कार्य। | 20.03.2025 27.03.2025 | 1012.96 लाख | www.hid.gov.in | 9896786329 xenmechjjr@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहड़ में 42 अदद लिफ्टों का सामूहिक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी)। | 26.03.2025 06.04.2025 | 5.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/100/33241/I/88/7 दि. 24.03.25

## विधानसभा में पेश डीटीसी संबंधी कैग की रिपोर्ट को लेकर सीएम ने 'आप' पर साधा निशाना

# 'आप' के कार्यकाल पर श्वेत पत्र लाएगी भाजपा सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में शासन कर चुकी आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्व सरकार के कार्यकाल पर एक 'श्वेत पत्र' पेश करेगी। गुप्ता ने विधानसभा सत्र के दौरान दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान यह बात कही। आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला बजट सत्र शुरू हो चुका है। इससे पहले गुप्ता ने दिन में कैग रिपोर्ट पेश की, जिसमें डीटीसी के वित्तीय और परिचालन के संबंध में चर्चा किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण जल्द ही पेश किया जाएगा क्योंकि विभिन्न विभागों में ऑडिट अब भी जारी है। वित्त विभाग भी संभाल रहीं मुख्यमंत्री गुप्ता दिल्ली में मंगलवार को 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा सरकार का विधानसभा में बजट पेश करेंगी।

### पिछली सरकार में डीटीसी की कमाई 914 करोड़ रूपये से घटकर 558 करोड़ रह गई

मंत्री सिरसा ने खुलासा किया कि पहले डीटीसी की ऑपरेटिंग आय 914 करोड़ रुपये थी। लेकिन पिछली सरकार के समय में यह घटकर मात्र 558 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्तीय कुप्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। दिल्ली की जनता को पूछना चाहिए, बाकी पैसा कहां गया। उन्होंने बताया कि पहले डीटीसी के परिचालन में सरकार का खर्च 2,398 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 3,060 करोड़ रुपये हो गया है।

### डीटीसी में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताएं : सिरसा

दिल्ली के माननीय खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज विधानसभा में मार्च 2022 तक के दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कामकाज पर कैग रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान अपनी बात सदन के पटल पर रखी। इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए मंत्री सिरसा ने डीटीसी में हुई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और भारी कुप्रबंधन को उजागर किया। मंत्री सिरसा ने कहा कि डीटीसी में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और भारी लापरवाही हुई है। उन्होंने कहा कि यह साफ दिखाता है कि पिछली सरकार की गलत नीतियों और कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था की वजह से दिल्ली की जनता को नुकसान हुआ। माननीय मंत्री जी ने बताया कि माननीय दिल्ली हाई कोर्ट ने 11,000 बसों की खरीद का निर्देश दिया था, जिसमें डीटीसी को 5,500 बसों का योगदान करना था। लेकिन 31 मार्च 2022 तक 1,740 बसों की कमी बनी रही, सिर्फ मार्च 2022 में दो इलेक्ट्रिक बसें जोड़ी गईं। इसमें मार्च 2023 तक डीटीसी के पास केवल 3,937 बसें थीं, जिनमें से 1,770 बसें अपना उम्र पूरी कर चुकी थीं और चलने लायक नहीं थीं। निगम न तो अपनी पूरी बस फ्लीट का सही इस्तेमाल कर पाया और न ही प्रति बस कमाई में देश के औसत स्तर तक पहुंच सका, जिससे दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और ज्यादा कमजोर हो गई।

## खीर समारोह के साथ शुरू हुआ बजट सत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र सोमवार को खीर समारोह के साथ शुरू हुआ। सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस मौके पर कहा कि मिठास प्रगति की प्रतीक है। इसी मिठास के साथ मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। समारोह में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि बजट सत्र का ऐतिहासिक महत्व है, आज व्यवसायी, ऑटो चालक, दलित भाई-बहनों सहित सभी के साथ खीर खाएंगे। बजट आज मंगलवार को पेश होगा। इसके बाद सदन की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई। इस दौरान बिजली के दामों को लेकर आए प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने सदन में दावा किया है कि उनकी सरकार बिजली के दामों को नहीं बढ़ने देगी। बिजली दरों में वृद्धि संबंधी एक प्रश्न के जवाब में ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पिछली सरकार के समय बिजली कंपनियों ने 27 हजार करोड़ का कर्ज दिल्लीवासियों पर लाद दिया है।




### विपक्षी सदस्यों ने सदन से किया बहिष्कार

दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने नियम 280 के तहत चर्चा के दौरान अपने एक विधायक का नाम न लेने के विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के फैसले के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। नियम 280 के तहत विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मुद्दे उठाने की अनुमति होती है। हालांकि, जब विधानसभा अध्यक्ष ने 'आप' विधायक को दरकिनार किया, तो नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में पार्टी के विधायकों ने विरोध किया और सदन से बाहर चले गए। आप विधायकों के कदम को रणनीतिक व्यवधान करार देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों को आगाह किया कि वे उन्हें उन पर कार्रवाई करने के लिए मजबूर न करें। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ समय में, सीएजी रिपोर्ट पेश की जाने वाली है। मुझे लगता है कि विपक्ष को यह पसंद नहीं है।

### नालों की सफाई, गंदे पानी की आपूर्ति और आवारा कुत्तों-बंदरों के काटने का उठा मामला

दिल्ली विधानसभा में सोमवार को नालों की सफाई, गंदे पानी की आपूर्ति व आवारा कुत्तों, बंदरों के काटने के मुद्दे कई विधायकों ने शून्यकाल में उठाए। महरौली से विधायक गजेंद्र यादव ने इलाके में भरे नालों की सफाई का मुद्दा रखा ताकि रंगपुरी, रजोकरी सहित कई इलाकों में लोगों को राहत मिल जाए। जितेंद्र महाजन ने हिन्दू त्योहारों पर ग्रीन पटाखे को अनुमति का आग्रह किया। भाजपा विधायक गजेंद्र दराल ने मुंडका सहित गांवों के किसानों को भूमि अधिग्रहण के बाद वैकल्पिक प्लॉट, किसानों को किसान का दर्जा व कृषि सब्सिडी देने का मुद्दा उठाया। विश्वास नगर विधायक ओपी शर्मा, द्वारका से विधायक प्रद्युमन राजपूत, नीलम पहलवान, सूर्य प्रकाश खत्री, कुलवंत राणा ने दूषित पानी आपूर्ति, सीवर जाम जैसे मुद्दे उठाए। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने भी व्यवस्था देते हुए कहा कि संबंधित एजेंसियां शून्यकाल में उठाए मुद्दों पर संज्ञान लें व लिखित में जवाब सदन में पेश करें।

### महिला सम्मान निधि को लेकर आप विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए दिलाने को लेकर सोमवार को विधानसभा के बाहर दर्शन कर भाजपा को उसके वादे याद दिलाए और पूछा कि महिलाओं के खाते में 2500 रुपए कब आएंगे। नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान 'आप' विधायकों ने 'कब आएंगे 2500 रुपए' लिखा बैनर लेकर जमकर नारेबाजी की। आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाएं 2500 रुपए मिलने का इंतजार कर रही हैं। आतिशी ने कहा कि 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए देने की तारीख आम आदमी पार्टी ने नहीं तय की थी, बल्कि भाजपा ने तय की थी। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की हर महिला के खाते में 8 मार्च को 2500 रुपए आएंगे। 8 मार्च आकर चली गई। अब यह साबित हो गया है कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं से झूठा बोला। भाजपा ने गारंटी के नाम पर दिल्ली की महिलाओं को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी विधानसभा के सदन में भी यह मुद्दा उठाएगी। दिल्ली की महिलाएं चाहती हैं कि उनको खीर न मिले, बल्कि 2500 रुपए मिले।

### आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए बिना रेखा सरकार आने वाले बजट के बुन रही है हवाई महल : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए बिना ही सीएम रेखा गुप्ता व भाजपा आने वाले बजट के स्वरूप को लेकर हवाई महल बुन रही है। यादव ने कहा कि बजट की पूर्व संध्या पर दिल्ली विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश ही नहीं किया, जो कि आने वाले बजट के स्वरूप का संकेत देने की सामान्य प्रथा रही है। जाहिर है ऐसे में भाजपा सरकार के पास राजधानी को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों के समाधान के लिए कोई ठोस योजना नहीं है, इसलिए भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता केवल हवामहल बुन रही है। आर्थिक सर्वेक्षण बजट से पहले अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और वर्तमान स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करने के लिए आयोजित किया जाता है।

### प्रवेश वर्मा ने फुटबॉल टीमों को किया सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को दिल्ली फुटबॉल प्रीमियर लीग के फाइनल मैच की विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि दिल्ली फुटबॉल प्रीमियर लीग के फाइनल मैच के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया। दिल्ली में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण हैं। कॉलेज के दिनों में मैंने भी खूब फुटबॉल खेला, और अंबेडकर स्टेडियम में उसी जुनून और जज्बे को करीब से देखने का अवसर मिला।

### ऊर्जा मंत्री ने पूर्व न्यायाधीश उमेश कुमार को दिलाई डीईआरसी अध्यक्ष पद की शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय के अपने कक्ष में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार को दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव, ऊर्जा सचिव के साथ साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री आशीष सूद ने उमेश कुमार को अध्यक्ष बनने के लिए बधाई देते हुए दिल्ली के ऊर्जा क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा की दिल्ली में गर्मी का मौसम आ गया है इसलिए दिल्ली में बिजली संबंधित समस्याओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त सभी बिजली वितरण कंपनियों से बेहतर तालमेल बनाकर दिल्ली के लोगों के हित में काम करें। कुमार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। आयोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ऊर्जा क्षेत्र में एक स्वतंत्र विनियामक निकाय के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही आयोग बिजली शुल्क निर्धारित करने, बिजली वितरण कंपनियों के काम को विनियमित करने और बिजली बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इस नियुक्ति से दिल्ली सरकार को दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बेहतर भविष्य की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी रवि को गिरफ्तार



किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम सेक्टर-56 एरिया मे गस्त पर थी। गस्त के दौरान एक व्यक्ति के द्वारा गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई, आरोपी रवि निवासी गांव हयातपुर गुरुग्राम हाल जीवन नगर गौंछी फरीदाबाद को जीवन नगर गौंछी फरीदाबाद से काबू करके 340 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

### अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने अवैध गांजा के साथ दो युवकों



को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से चार किलो 400 ग्राम गांजा, व पैकिंग पाउस, स्टेपलर बरामद कर उनके खिलाफ फर्रुखनगर थाना में केस दर्ज कर लिया। दरअसल, फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि फर्रुखनगर एरिया में अवैध रुप से गांजा सप्लाई किया जा रहा है। जिस पर टीम ने दबिश मारते हुए दो युवकों को अवैध गांजा सहित काबू कर लिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में पचगांव के निकट तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया। दी शिकायत में फर्रुखनगर के गांव मोहम्मपुर निवासी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उसका बहनोई इंद्रपाल बीती 22 मार्च को अपनी बाइक से पचगांव आया हुआ था।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के पुस्तक एक्सचेंज मेले में दूसरे दिन उमड़ी अभिभावकों की भीड़

## जीपीए के बुक एक्सचेंज मेले में जरूरतमंद छात्रों को मिली प्रतियोगिता परीक्षाओं की किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन प्रदेश में एक अकेली ऐसी संस्था है जो बिना रुके और बिना थके 12 महीने 24 दिन लगातार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अभिभावकों के हितों के लिए तरह तरह की मुहिम चलाती रहती है। ऐसी एक अनोखी मुहिम का नाम है पुस्तक एक्सचेंज मेला जो पिछले 8 साल से हर वर्ष संस्था कई चरणों में अभिभावकों के लिए आयोजित करती है। जिसको अब भारत के अन्य राज्यों में भी लगाया जाने लगा है। वहीं, कुछ स्कूल तो अपने विद्यालय परिसर में ही आयोजित कर अभिभावकों को कॉपी किताब एक्सचेंज कराने लगे हैं।

**खास बातें**

- पुस्तक मेले में आए हजारों अभिभावकों ने अपनी पुरानी किताबें आपस में बदली
- सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया
- आवश्यकताओं के आधार पर एक दूसरे से बुक्स का आदान-प्रदान किया
- एसोसिएशन का बुक एक्सचेंज मेले का प्रथम चरण समृद्धि और संवेदनशीलता के साथ संपन्न



चाहे वो जिले के सामाजिक संगठन जिला, आरडब्ल्यूए हो या फिर जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारी हो इस अनोखे बुक एक्सचेंज मेले का सभी का भरपूर समर्थन मिलता है। जीपीए ने गाजियाबाद शास्त्रीनगर स्थित लाल बहादुर हॉकी स्टेडियम में अपने 8वें बुक एक्सचेंज मेले के प्रथम चरण के दूसरे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस पुस्तक मेले आए हजारों अभिभावकों ने अपनी पुरानी किताबों आपस में बदलकर अपने ही स्कूल के अगली कक्षा की किताबों के साथ आत्मसात किया। जरूरतमंद छात्रों ने कंपटीशन एग्जाम की किताबें प्राप्त कीं और जिले में चल रही सरकार की जनकल्याण योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया। पुस्तक मेले के दूसरे दिन भी सैकड़ों अभिभावक पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ उपस्थित रहे और अपनी आवश्यकताओं के आधार पर एक दूसरे से बुक्स का आदान प्रदान किया। इस अद्भुत बुक एक्सचेंज मेले के माध्यम से, पेरेंट्स ने पुरानी किताबों को नए विद्यार्थियों के साथ साझा करने का एक अच्छा तरीका ढूंढा। इसके अलावा, इसमें पुरानी किताबों का पुनर्चक्रण भी हो रहा है, जो पर्यावरण के प्रति एक साथ सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह मेला पेरेंट्स को किताबों के बीच आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करता है और साथ ही उन्हें विद्यार्थियों के बीच एक जुड़ाव का अवसर भी प्रदान करता है।

## निगम कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर नारेबाजी की, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सफाई कर्मचारियों ने एसएमडब्ल्यू एप पर हाजिरी लगाने व मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद।

नगर निगम फरीदाबाद के सफाई कर्मचारियों ने एसएमडब्ल्यू एप पर हाजिरी लगाने और सफाई कर्मचारियों के साथ दुव्यर्वहार करने व अपनी मांगों को लेकर सोमवार को आंदोलन के दूसरे चरण में निगम मुख्यालय पर भोजन अवकाश के समय अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद निगम कर्मचारी विशाल जुलूस बनाकर नारेबाजी करते हुए नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त गौरव अंतिल के पास पहुंचे और उनको कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन सौंपा। नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त गौरव अंतिल ने निगम आयुक्त से बात कर मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने आने वाली 26 मार्च को निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन व निगम आयुत के घेराव का ऐलान करते हुए कर्मचारियों से भारी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सह सचिव नैन सिंह ने किया।




**मांगों का समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन की दी चेतावनी**

बालगुहेर ने नगर निगम प्रशासन पर तानाशाही पूर्वक कार्रवाई करते हुए नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों को निगम क्षेत्र में शामिल हुए 24 गांव में स्थानांतरित करने का भी गंभीर आरोप लगाया। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह व वरिष्ठ प्रधान श्रीनंद ढकोलिया ने कहा कि एसएमडब्ल्यू एप सरकार ने सफाई का कार्य कर रहे ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए बनाया था ताकि उनको दिए गए ठेके के अनुसार सफाई के उपकरण, मैनपॉवर व इंस्ट्रूमेंट पर नजर रखकर जनता के खून पसीने की कमाई को लूटने से बचाया जाए लेकिन सरकार में बैठे कुछ शातिर अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी इस पोर्टल में लगवा कर इस पोर्टल को बंद करवाना चाहते हैं। सफाई कर्मचारी यूनियन ने स्थानीय विधायकों, निगम महापौर व समस्त सदन तथा फरीदाबाद के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर से अपील की है कि सरकार को बदनाम करने में लगे बेलगाम अधिकारियों पर शिकंजा कसा जाए और निर्दोष कर्मचारियों को नाजायज तौर पर सताना बंद किया जाए। यूनियन ने 26 मार्च को निगम आयुक्त का घेराव करने का भी ऐलान किया यदि निगम आयुक्त ने मांगों का समाधान नहीं किया तो घेराव के मंच से ही हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

### प्रदर्शन में यह लोग उपस्थित रहे

प्रदर्शन में अन्य के अलावा कर्मचारी नेता रणजीत सिंह, सुरेंद्र चौटाला, रवि छजलाना, इंदर चौटाला, कन्हैया मेंडवाल, राजवीर चिंडालिया, धर्म सिंह मुल्ला, सुरेश मैलादे, प्रेमपाल, बल्लू चिंडालिया, नरेश भगवाना, रघुवीर चौटाला, हरि सिंह खंडिया, दर्शन सिंह सोया, गुरचरण सिंह खंडिया, महिला नेता बीना देवी, शकुंतला देवी, कविता देवी, संतोष, राजवती, शीला, सत्तो, कुसुम, गीता आदि ने भी संबोधित किया।

### ननि के 3 हजार सफाई कर्मचारियों के भरोसे शहर की सफाई व्यवस्था

सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर, सचिव महेंद्र कुड़िया ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि निगम प्रशासन सफाई कर्मचारी का शारीरिक शोषण कर रहा है। कि सफाई मजदूर सेवा नियम के अनुसार सफाई कर्मचारी का कार्य क्षेत्र 600 मीटर से अधिक नहीं हो सकता लेकिन निगम क्षेत्र में सफाई कर्मचारी 2 किलोमीटर तक सफाई का कार्य कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। नए नियम के अनुसार 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी लगाने का नियम है। ननि में क्षेत्रफल और आबादी के अनुपात में लगभग 10 हजार सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है लेकिन ननि के मात्र 3 हजार सफाई कर्मचारियों के जिम्मे शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा है।

## मांगों का समाधान करने की अपील की

# आशा वर्करों ने डिप्टी सीएमओ को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर फरीदाबाद जिले में कार्यरत सैकड़ों आशा वर्कर्स सीएमओ कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन कर डिप्टी सीएमओ राजेश श्योकंद के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरीय मांगों का समाधान करने की अपील करते हुए ज्ञापन देकर मांगों का समाधान करने की भी अपील की। डिप्टी सीएमओ राजेश श्योकंद ने आशा वर्कर यूनियन को विश्वास दिलाया कि उनकी स्थानीय समस्याओं का समाधान सीएमओ से बातचीत कर करवा दिया जाएगा और उनकी राष्ट्रस्तरीय मांगों का ज्ञापन स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार को भेज दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की जिला प्रधान हेमलता, जिला सचिव सुधा, नेहा जोशी जिला कैशियर, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, पूजा गुप्ता, सुशील चौधरी, चंद्रप्रभा आदि ने किया।

### पिछले 12 वर्षों से प्रोत्साहन राशि की बढ़ोतरी नहीं हुई

प्रदर्शनकारी अपनी स्थानीय मांगों के समर्थन में एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा की जा रही अनदेखी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान नरेश शास्त्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आशा वर्कर्स अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ाती है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है आशाओं पर अतिरिक्त काम का दबाव केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बढ़ा रही है।

# शैलेश गर्ग बने एमओईएफसीसी इंडिया के वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार ने फरीदाबाद ग्रीन फील्ड कॉलोनी के रहने



वाले शैलेश गर्ग को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (एमओईएफसीसी) प्रमोशन काउंसिल इंडिया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। यह काउंसिल भारत की पर्यावरण और वानिकी नीतियों और कार्यक्रमों की योजना, प्रचार, समन्वय और कार्यान्वयन की देख-रेख के लिए केंद्र सरकार के प्रशासनिक ढांचे में नोडल एजेंसी है। काउंसिल के चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने दिल्ली स्थित कार्यालय में शैलेश गर्ग को नियुक्ति पत्र दिया। गर्ग लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं। लोकसभा चुनाव, हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए उन्होंने दिन-रात मेहनत की। इसी दौरान वे पार्टी की नजर में चढ़ गए और पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण पद दिया। इस दौरान शैलेश गर्ग ने नियुक्ति के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभारजताया। केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और काउंसिल के चेयरमैन राहुल द्विवेदी और डायरेक्टर सुनील मुद्गिल ने उन्हें बधाई दी।

## अखिल भारतीय पत्रकार एकता संघ की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

# कुलभूषण प्रदेश महासचिव, वालिया मुख्य सलाहकार बने




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

अखिल भारतीय पत्रकार एकता संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी वालिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राज्य कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से विस्तार किया गया।

इस अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया घोषणा करते हुए बताया कि गुरुग्राम से वरिष्ठ पत्रकार कुलभूषण शर्मा को आल इंडिया पत्रकार एकता संघ का प्रदेश महासचिव व वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया को प्रदेश का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे। वहीं पत्रकार एकता संघ को प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिलाध्यक्ष व ब्लॉक स्तर पर भी नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की बात कही। वहीं कहा गया कि प्रदेश के पत्रकारों की समस्याओं से सरकार को अवगत करवाया जाएगा और उन्हें हल करवाने का भी प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपप्रधान देसराज भटनागर, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, संरक्षक सुशील शर्मा, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर ने सभी सदस्यों को नए प्रदेश कार्यालय के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दी और कहा कि नया कार्यालय खुलने से पत्रकार मीटिंग कर अपनी समस्या रख सकेंगे।

## मामले से जुड़े 3 आरोपियों की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी

# शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर धोखाधड़ी, मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर ठगी करने के एक मामला में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी वरूण को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में अशोका एन्कलेव पार्ट-2, सेक्टर-37, निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 फरवरी को ठगों ने उसे व्हाटसएप ग्रुप में जोड़ा। जिसमें शेयर खरीदने व बेचने की बातें होती थी और ठगों द्वारा उसे भी शेयर खरीदने व बेचने के लिये कहा गया। शिकायतकर्ता ठगों कि बातों में आ गया और उसने अपने खाता से 27,99,000 रुपए व अपनी पत्नी के खाता से 50,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब कुछ समय बाद उसने पैसे के लिए कहा तो ठगों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। इस तरह शिकायतकर्ता के साथ कुल 28,49,000 रुपए की धोखाधड़ी हुई। जिसकी शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया।



उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी वरूण निवासी कच्छ गुजरात हाल अहमदाबाद, गुजरात को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अहमदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह सभी उपलब्ध खातों की डिटेल चैक करता था कि कौन सा खाता चालू है कौन सा चालू नहीं है और सभी खाता की मेल और मोबाईल चैक करके ठगों को देता था। आरोपी से 26,000 रुपए बरामद किए गए हैं। जिसको पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। मामले में पहले भी 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया **धर्मेन्द्र चौहान, पुत्र स्वर्गीय श्री. भूकन, निवासी: WP-193, तीसरी मंजिल, ग्राम वजीरपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.220/2017 U/S 363,342,354 IPC** और **8 पोक्सो अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना अशोक विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **धर्मेन्द्र चौहान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **धर्मेन्द्र चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.220/2017 U/S 363,342,354 IPC** और **8 पोक्सो अधिनियम, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के आरोपी उक्त **धर्मेन्द्र चौहान** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
**जेएमएफसी–महिला न्यायालय–05**
**(उत्तर–पश्चिम) कमरा नं.106, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/3608/NW/2025**
(अदालती मामला)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शराफत अली पुत्र सफर अली निवासी 137/587, एन–137/टी–हट्स, सी ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली–110033** ने **Case Reg. No. 9341/2016, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शराफत अली**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शराफत अली**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 9341/2016, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शराफत अली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.05.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर, कोर्ट नं. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3551/NW/2025 (Court Matter)**

## महिला एवं बाल विकास विभाग

**कमरा नं. 216, द्वितीय तल, जिला विकास भवन, रोहतक**
**फोन नं. 01262-252920**

## विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को जारी निर्देशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रोहतक | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 08 (06 महिलाओं के लिए आरक्षित और 02 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

**योग्यताएं–** सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं। गैर सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा एक अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो। अगर वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा तो उसे समान वेतन दिया जाएगा।

**आयु–** 25 से 42 वर्ष

**न्यूनतम वेतन–** न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।

**यात्रा भत्ताः–** उसे वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/– प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

**प्रति माह यात्राओं की संख्या :–** वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

**नियम और शर्तें–** समर्थित व्यक्तियों को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की सिफारिश के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन साल से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसको हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए
   - वह जिला रोहतक का निवासी होना चाहिए
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय यानी कमरा नंबर 216, दूसरी मंजिल जिला विकास भवन रोहतक–124001 में 15-04-2025 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले सहायक दस्तावेजों यानी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अधूरे आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

### ................ के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

i. पद का नाम :–
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई–मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण–पत्र के अनुसार) :
ix. आज की तिथि में वर्तमान आयु (YY-MM-DD) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटो

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

ix. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | | | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | महीने | दिन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

घोषणा :– ''मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर
टिप्पणी :
* आवेदकों के लिए सभी मूल दस्तावेज और मूल दस्तावेजों की छायाप्रतियों का एक सैट साथ लाना आवश्यक होगा जो वह जमा करवाना चाहता है।
* सभी कॉलम भरने आवश्यक है।

पीआरडीएच–1225/11/95/2025/33204/88/7 दि. 24.03.25

हरियाणा सरकार



हरियाणा राज्य की पालिकाओं के नवनिर्वाचित महापौर, प्रधान एवं सदस्यों का

# शपथ ग्रहण समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि

## श्री विपुल गोयल

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा

25 मार्च, 2025 | प्रातः 10:00 बजे

इन्द्रधनुष सभागार, सेक्टर-5, पंचकूला

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

नॉनस्टॉप काम टॉप परिणाम

ट्रिपल इंजन सरकार, तिगुनी रफ्तार!

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

हरिभूमि सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष



चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

# मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ

**डॉ. मोनिका शर्मा**

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

## प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।

## सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।

असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव



वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।

## ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े



दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

## बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

## अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है।

# देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।


महात्म्य

**अनीता जैन, वास्तुविद**



देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

**कलशः** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसनः** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षतः** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दीः** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपकः** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियलः** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूपः** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोगः** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है।

# व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

डाइट सजेशन

**अंशु चौहान, डाइटीशियन**

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



## इन्हें करें डाइट में शामिल



व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।

**प्रोटीन-फाइबर्सः** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

**सुबह-दोपहर में क्या लेंः** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए




नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।

**डिनर में क्या लेंः** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?



# एकल नारी भी है सम्मान की हकदार

बदले दृष्टिकोण

**एकता शर्मा**

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।

**हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझतेः** एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

**जीने का समान अधिकारः** एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?



**मिले निजता को सम्मानः** हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा।

# मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

मेकअप

**सरिता गुप्ता**

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंगः** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेडः** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशनः** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूजः** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

**आईशैडोः** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिकः** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

# गैस गोदाम पर ट्रक में लगी आग, 350 सिलेंडर फटे

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सिलेंडर फटने से लगातार कई धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सारे सिलेंडर फट गए। गनीमत रही कि कोई हताहात नहीं हुआ है। घटना इतनी विकराल थी कि धमाकों के साथ फटे सिलेंडरों के टुकड़े 500 मीटर तक जाकर खेतों में गिरे, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

## धमाकों से दहला इलाका, 500 मीटर दूर तक गिरे टुकड़े



## ट्रक के केबिन में लगी थी आग

जानकारी के मुताबिक सोमवार को सिलेंडरों से भरा ट्रक गोदाम पर खड़ा था। ट्रक के केबिन में किसी तरह आग लग गई, जिससे पहले उसमें रखा एक सिलेंडर फटा। फिर ट्रक और गैस एजेंसी गोदाम में आग लग गई। सिलेंडर फटने से काफी देर तक धमाके होते रहे। घटना से गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई। ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। गांव से बाहर आकर देखा तो पता चला कि गैस गोदाम में धमाके हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए। जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है। गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे।

दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर बना है, जिससे जनहानि होने से बच गई। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गांव रजऊ परसपुर के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी है।

दोपहर करीब 12 बजे सिलेंडर से भरा ट्रक यहां आया था, जिसमें करीब 400 सिलेंडर थे। अनलोडिंग के लिए ट्रक गोदाम में खड़ा था। इसी दौरान धमाके साथ आग गई थी। आग पर काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुआ। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### झारखंड में जाति सर्वेक्षण जल्द, विस में घोषणा



**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को सरकार की ओर से एक मंत्री ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। कहा कि इस कार्य के लिए कार्मिक विभाग को पहले ही नोडल एजेंसी बना दिया गया है। परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

### सांसद जिया उर रहमान बर्क से होगी पूछताछ



**संभल।** नवंबर माह में हुई हिंसा मामले में पुलिस सपा के सांसद जिया उर रहमान वर्क को पूछताछ के लिए नोटिस जारी करेगी। वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। संभल कोतवाली और नखासा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। संभल के एसपी ने बताया कि कोतवाली संभल हिंसा में जो अभियोग पंजीकृत किया गया था उसी की विवेचना विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

### एनएचएआई के जीएम 15 लाख की घूस लेते धराया



**पटना।** पटना में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 15 लाख की घूस लेते भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक समेत 4 को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक समत तीन अन्य लोग शामिल हैं। तलाशी के दौरान उनके पास से 1.18 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए हैं। इसके अलावा 12 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।

## भाजपा सरकार के 8 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

# कहा- हर साल बेमिसाल, देश के विकास को नई दिशा दे रहा यूपी

अनिल के. अंकुर ▶▶ लखनऊ

> यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के 8 साल पूरा होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सूचना विभाग की बुकलेट का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी सरकार के आठ साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल होने पर पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार बनने से पहले यूपी में न बेटी सुरक्षित थीं और न ही व्यापारी। महिला सशक्तिकरण से लेकर औद्योगिम निवेश पर उन्होंने जमकर बल दिया और कहा कि यूपी में बेरोजगारी दूर करने, किसानों की आय बढ़ाने और निकायों की स्वच्छता में देश में पहला स्थान बना लिया है। लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे आत्मविश्वास में दिखे। उनकी बॉडी लेंगुएज एक विजेता सी थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में उनकी सरकार चौतरफा विकास ही नहीं कर रही है बल्कि गरीबों और बेरोजगारों का रोजगार दिलाने का भी काम कर रही है। योगी के आठ साल, बेमिशाल होने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी दलों और केन्द्रीय नेतृत्व का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### खास बातें

- सीएम योगी ने प्रदेश वासियों को 8 वर्ष में उनके समर्थन के लिए जताया आभार
- 2017 से पहले न बेटी सुरक्षित होती थी, न व्यापारी
- 35% से अधिक महिला सुरक्षा वर्क फोर्स

### बीमारू कहे जाने वाले यूपी के बारे में बदली धारणा



मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के बारे में अब धारणा पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है। उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

### हर जिले में होगा 3 दिवसीय विकास उत्सव

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25, 26 और 27 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय विकास उत्सव आयोजित होगा, जिसमें अन्नदाता किसानों, युवाओं, मातृशक्ति, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार की विकास यात्रा को जनता के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे आने वाले समय में सुरक्षा, शिक्षा, किसान, उद्योग रोजगार सृजन के बारे में और काम किया जाएगा।

### डेढ़ घंटे चली योगी की प्रेसवार्ता

दरअसल यूपी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। यह बात इतर है कि डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक चली प्रेस वार्ता में किसी ने न कोई सवाल किया और सवाल जवाबों के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान 8 वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन किया गया।

# पटना में लगी भीषण आग झुलसे 4 बच्चे, 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ पटना

जिले में सोमवर मध्य रात्रि गौरीचक थाना क्षेत्र के जनकपुर मोड़ स्थित एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो बच्चों की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, परिवार के सभी लोग मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जलाकर सो रहे थे। रात में बत्ती से निकली चिंगारी पहले चादर पर गिरी और धीरे-धीरे पूरे झोपड़ी में आग फैला दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू मेहतो पुत्र** सेतो मेहतो, **निवासी** D-101-102, जेजे कॉलोनी, कैंप नंबर–2, नांगलोई, दिल्ली, ने **FIR No. 297/15, U/S 33 D.E. Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी–उत्तरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू मेहतो** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू मेहतो** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 297/15, U/S 33 D.E. Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी–उत्तरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सोनू मेहतो** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)**
**कमरा नं0–114, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3669/ON/2025**
**(Court Matter)**

## पेज एक का शेष

### माननीयों के वेतन...

है, उन्हें हर अतिरिक्त साल के लिए मिलने वाली पेंशन 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दिया गया।

### तो प्रेस काउंसिल...

की बात उठती रही है, ताकि प्रेस की स्वतंत्रता और जवाबदेही के बीच संतुलन बनाया जा सके। हरिभूमि ने पहले ही अपने पाठकों तक ये खबर पहुंचायी थी कि सूचना एवं प्रसारण संसदीय स्थायी समिति मीडिया काउंसिल की स्थापना की सिफारिश करने वाली है। वर्तमान में, भारत में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया प्रिंट मीडिया को नियंत्रित करने वाली एक वैधानिक संस्था है, जो प्रेस काउंसिल अधिनियम, 1978 के तहत कार्य करती है। हालांकि, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए कोई एकीकृत नियामक संस्था नहीं है। समय-समय पर विशेषज्ञों और समितियों ने सुझाव दिया है कि एक व्यापक "मीडिया काउंसिल" की स्थापना होनी चाहिए, जो सभी प्रकार के मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, और डिजिटल) को कवर करे। समय समय पर प्रेस काउंसिल के अध्यक्षों ने भी प्रेस काउंसिल की जगह मीडिया काउंसिल बनाये जाने की अनुंशसा सर्वसम्मति से अनुशंसित कर केंद्र सरकार को भेजा है। प्रतिष्ठित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की ओर से भी कई बार "मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया" की आवश्यकता पर बल दिया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निगरानी के लिए वरिष्ठ संपादकों को मिलाकर एक बॉडी बना दी गई है, जाहिर है अपनी निगरानी खुद करने की बडी जिम्मेदारी का निर्वाह करने से अच्छा रहेगा कि कोई दूसरी नियामक संस्था ये काम करे। सोशल मीडिया के लिए अभी कोई नियम, कायदा या पॉलिसी नहीं बनी। सोशल मीडिया को भी मीडिया काउंसिल की जद में लाने का बडी कवायद है।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा...

वजह से जान दे देते हैं।

**टास्क फोर्स में ये लोग होंगे:** कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

### वित्त मंत्री की गैरमौजूदगी...

हो जाएंगी। अभी वह राज्यसभा में हैं। इसके तुरंत बाद वित मंत्री सदन में पहुंची और उन्होंने विधेयक से जुड़ी चर्चा में भाग लिया।

**तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत:** चर्चा में सत्ता पक्ष की तरफ से शामिल हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह आदत बन चुकी है कि वह हर मामले में सकारात्मक चीजें देखे बिना बस उसकी आलोचना शुरू कर देती है। इससे लगता है कि केवल सरकार का विरोध ही उनका एकमात्र एजेंडा बनकर रह गया है। मोदी सरकार का यह बजट गरीब, किसान और आम आदमी के लिए मुफीद साबित होगा और इससे केंद्र के 2047 के विकसित भारत के विजन की भी पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया वित्त के मामले में कराह रही है। दुनिया के तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस) हिली हुई हैं, करंट अकाउंट डेफिसिट का मुद्दा जोरों पर हैं। उस दौर में पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। भारत एक ऐसे सितारे के रूप में सामने आया है, जिसकी अर्थव्यवस्था विश्व भर की चुनौती को मात देते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है। दुबे ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार आई तो देश की अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर की थी। लेकिन बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने इसे 4.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचा दिया है। बजट सभी समस्याओं का जादुई समाधान नहीं है। हमारी सरकार की यह उपलब्धि श्रमिकों की मदद करने के लिए की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### जस्टिस वर्मा को...

से मांग की है कि जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट तबादला न किया जाए। बार एसोसिएशन ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट डंपिंग ग्राउंड नहीं है। इसके साथ ही बार एसोसिएशन ने केंद्र सरकार और सीजेआई से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग की है। सोमवार को लंच के बाद सांकेतिक रूप से इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील हड़ताल पर चले गए हैं। हालांकि, मंगलवार से फिर से काम पर लौटेंगे।

**सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए:** जनरल बॉडी मीटिंग में प्रस्ताव पास किया गया कि जिस प्रकार से एक सिविल सर्वेंट, पब्लिक सर्वेंट या राजनेता का ट्रायल होता है,उसी तरह उनके केस का ट्रायल भी होना चाहिए। बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच को खारिज करते हुए मांग की है कि अगर जरूरत पड़े तो जस्टिस यशवंत वर्मा को सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए।

**अंकल जज सिंड्रोम का मामला उठाया:** बार एसोसिएशन ने अंकल जज सिंड्रोम का भी मामला उठाया है। वकीलों ने अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। इसके तहत जिस अदालत में कोई जज हो उसके परिवार के लोग वहां पर वकालत न करें। बार एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों के खाली पदों को भरने, जस्टिस यशवंत वर्मा के फैसलों की समीक्षा, मांग की है।

### हैदराबाद में चलती ...

करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति मेरे पास आया और गंदी हरकत करने लगा। मना करने पर उसने जबरदस्ती करने की कोशिश की। अपने आप को बचाने के लिए मैं चलती ट्रेन से कूद गई। जीआरपी पुलिस के अनुसार युवती के सिर, ठोड़ी, दाहिने हाथ और कमर पर खून बहने के निशान थे और बाद में कुछ राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता महिला यात्री की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 75 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 131 (आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 14 अप्रैल को हरियाणा...

हुए बताया कि ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) को दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित करने की अनुमति दी गई है। यह परियोजना यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 2×300 मेगावाट इकाइयों वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए की 52 महीने की समय सीमा तय की गई है, जबकि वाणिज्यिक संचालन 48 महीनों के अंदर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में राज्य में लगभग 14,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध है, जिसमें से 2,582 मेगावाट एच.पी.जी.सी.एल. द्वारा उत्पन्न की जाती है। इस परियोजना को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से क्लीयरेंस मिल चुकी है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी इस परियोजना को लेकर मंजूरी मिल चुकी है।

**महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का संचालन होगा शुरू:** सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे, हिसार से हवाई सेवाओं का शुभारंभ भी करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार में एकीकृत विमानन हब का निर्माण 7200 एकड़ क्षेत्र में किया जा रहा है। इसमें से 4200 एकड़ में हवाई अड्डे और 3000 एकड़ में समेकित विनिर्माण क्लस्टर (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर) स्थापित किया जा रहा है। हवाई अड्डे की विकास योजना तीन चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। इसमें एक टर्मिनल तैयार है। पहले चरण के काम पर 50 करोड़ रुपये की लागत आई है। दूसरे चरण में 3000 मीटर लम्बी हवाई पट्टी बनाई गई है, इससे 180 यात्रियों की क्षमता तक की एयरबस का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गत 13 जून, 2024 को 5 शहरों के लिए सेवा शुरू करने हेतु अलायंस एयर के साथ एम.ओ.यू. किया गया। जल्द ही पांच शहरों अयोध्या, जम्मू, जयपुर, अहमदाबाद व चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू की जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लाइसेंस के लिए केंद्रीय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 23 जनवरी, 2025 को लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया और 13 मार्च, 2025 को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को लाइसेंस जारी कर दिया है।

उन्होंने कहा कि गत 17 मार्च को अपने बजट भाषण में हिसार से अयोध्या, जयपुर, चण्डीगढ, अहमदाबाद व जम्मू के लिए हवाई सेवा प्रारम्भ करने की घोषणा की थी। महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवाएं शुरू होने से इन सब शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू की जाएंगी।

### नौसेना ने पहली बार...

का प्रयोग किया जाएगा। जबकि अकेयम एक बहुपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास है, जिसका संस्कृत में अर्थ होता है एकता। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में इन दोनों गतिविधियों के औपचारिक आगाज से पहले आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में नौसेना के उप-प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने दी। इस दौरान उक्त आयोजन से जुड़ा लोगो भी जारी किया गया।

**पीएम का महासागर विजन अहम:** उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईओआर और इसमें भी विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भारत के समुद्री संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य के साथ 2015 में मॉरीशस से सागर विजन की शुरुआत की थी। अब इसका एक दशक पूरा होने पर इसे और अधिक विस्तार प्रदान करते हुए इसी साल म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रोस रीजंस (महासागर) विजन की घोषणा की गई है। एक महीने से अधिक की समुद्री यात्रा में तंजानिया का दार-एस-सलाम, नकाला, पोर्ट लुइस, पोर्ट विक्टोरिया और माले सुनयना के बंदरगाह पड़ाव के रूप में शामिल होंगे। जबकि तंजानिया, मोजांबिक, मॉरीशस और सेशेल्स में वह संयुक्त रूप से ईईजेड की निगरानी करता हुआ नजर आएगा। कोच्चि में नौसेना के विभिन्न प्रशिक्षण स्कूलों में एफसीसी कर्मियों को यात्रा की शुरुआत से पहले दो सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें कर्मी सुनयना जहाज से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बारीकी से रूबरू होंगे। प्रशिक्षण में समुद्री चरण भी शामिल है। इसी संदर्भ में 27 और 28 मार्च को सुनयना पर कुछ हवाई गतिविधियां भी होंगी।

## लालू जी जो बोलते हैं कभी नहीं करते, तेजस्वी को भी खूब धोया

**पटना।** सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बीच जोरदार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार के मंत्रियों की मौजूदगी में बजट के आंकड़ों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने के साथ आरोपों की झड़ी लगा दी। इस पर वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव और राबड़ी के कार्यकाल के दौरान विकास के आंकड़ों का हवाला देकर धो दिया। सदन में सरकार की ओर से उत्तर देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव और राबड़ी देवी से जो खटारा बिहार मिला था उसे नीतीश कुमार विकास की राह पर आगे बढ़ा कर मर्सीडीज बना दिया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अपने पिता के पाप से कभी उबर नहीं पाएंगे। सम्राट चौधरी के वक्तव्य के बीच हंगामा करते राजद के विधायक वाक आउट कर गए।

## जबरन वसूली-मारपीट में फंसे इंस्पेक्टर समेत 7 पुलिसकर्मी

**उन्नाव।** यहां कोर्ट के आदेश पर इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इन पर जबरन वसूली और मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट ने सभी आरोपी पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दिया था। कमल किशोर के मुताबिक 24 फरवरी 2021 को वह अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। तभी थाना माखी के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सोनकर, दरोगा विनोद कुमार, दरोगा स्वदेश कुमार व चार अन्य सिपाही पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया। उसके बाद कमल किशोर और उनके बेटे को धारा 151 सीआरपीसी के तहत जेल भेज दिया गया। जेल से छूटने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और 1 मार्च 2021 को एसपी को शिकायत भेजी। कमल किशोर का आरोप है कि एसपी उन्नाव को शिकायत भेजने के बावजूद उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस बीच, आरोपी पुलिसकर्मी उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। इसके चलते उन्होंने कोर्ट की शरण ली है और सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत केस दर्ज करने की मांग की है। कोर्ट में परिवाद के तहत सुनवाई के बाद न्यायालय ने माखी थाने को फिर मामला दर्ज करने का आदेश दिया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | लैब उपकरणों की खरीद हेतु ई–निविदा सूचना का प्रकाशन। | 21.03.2025 15.04.2025 | 38000/- | mdu.ac.in | 9315517965 dr.uiet@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू परिसर सेंटर सहित हेतु प्रोफैशनल और सहायक शिक्षा (सीपीएएस), गुरूग्राम में स्थापित विंडो/स्पिलट टाइप एयर कंडीशनर हेतु सामुहिक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी)। | 20.03.2025 10.04.2025 | 101.27 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू परिसर रोहतक हेतु एक वर्ष के लिए विभिन्न प्लांट्स की खरीद हेतु एवरग्रीन / ऑर्नामेंटल प्लांट, एवेन्यू / टेरेडिशनल प्लांट, फुड प्लांट्स, हैजेज, सीजनल फ्लॉवर सेम्पलिंग सहित (सर्दियां और गर्मिया) और क्लाइम्बर्स/क्रिप्र्स इत्यादि दर अनुबंध। | 20.03.2025 07.04.2025 | 10.00 लाख | 00 https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 4 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | फर्नीचर मदों की खरीद हेतु ई–निविदा सूचना का प्रकाशन। | 21.03.2025 15.04.2025 | 10,000/- | mdu.ac.in | 9315517965 dr.uiet@mdurohtak.ac.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद–13/2025/80/33221/I/88/7 दि. 24.03.25

**रंगिया मंडल में एसएलआर के लीजिंग के लिए ई-नीलामी**

रंगिया मंडल में एसएलआर की लीजिंग के लिए ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। **नीलामी कैटलॉग संख्या: SLR-Leasing-051; रेट यूनिट** : प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय (सभी लॉट) : 07-04-2025** को **12:00** बजे।

| क्रम सं. | लॉट नं./श्रेणी | ट्रिप/दिन | विवरण |
|---|---|---|---|
| AA/1 | 15967-SLR-F1-RNY-LEDO-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 314 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/2 | 15816-SLR-R1-DKGN-GHY-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | रियर-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डीकेजीएन-जीएचवाई इंटरसिटी एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/3 | 15818-SLR-F1-NHLN-SKHV-22-1 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | एफ/एलडब्ल्यूएल आरआरएम-1 कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डोनी पोलो एक्सप्रेस (एनएचएलएन-एसकेएचवी) पार्सल स्पेस। |
| AA/4 | 15816-SLR-F1-DKGN-GHY-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डीकेजीएन-जीएचवाई इंटरसिटी एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/5 | 22411-SLR-F1-NHLN-ANVT-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 208 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/6 | 15927-SLR-F2-RNY-NTSK-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 416 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/7 | 15816-SLR-F2-DKGN-GHY-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-2 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डीकेजीएन-जीएचवाई इंटरसिटी एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/8 | 15927-SLR-R1-RNY-NTSK-24-1 (पार्सल-एसएलआर) | 52 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/9 | 15895-SLR-F2-RNY-MZS-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-2 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में आरएनवाई-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/10 | 15813-SLR-R1-DKGN-MZS-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | रियर-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डीकेजीएन-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/11 | 15611-SLR-R1-RNY-SCL-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | 626 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/12 | 15967-SLR-R1-RNY-LEDO-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 314 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/13 | 15895-SLR-R1-RNY-MZS-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | रियर-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में आरएनवाई-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/14 | 15813-SLR-F2-DKGN-MZS-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-2 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में डीकेजीएन-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/15 | 15895-SLR-F1-RNY-MZS-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट)में आरएनवाई-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/16 | 15813-SLR-F1-DKGN-MZS-22-3 (पार्सल-एसएलआर) | 730 | फ्रंट-1 एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट)में डीकेजीएन-एमजेडएस एक्सप्रेस पार्सल स्पेस। |
| AA/17 | 15927-SLR-F1-RNY-NTSK-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 416 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |
| AA/18 | 15908-SLR-F1-NHLN-TSK-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 522 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में एनएचएलएन-टीएसके इंटरसिटी एक्सप्रेस एफ/एलडब्ल्यूएल आरआरएम-1 पार्सल स्पेस। |
| AA/19 | 15967-SLR-F2-RNY-LEDO-22-2 (पार्सल-एसएलआर) | 314 | एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। |

**बंद होने की तिथि और समय: 07-04-2025** को **15:30** बजे। प्रारंभिक शीतलन की अवधि 30 मिनट। क्रमिक लॉट समापन का अंतराल 10 मिनट। लॉट-अनुसार समापन का समय आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल में देखा जा सकता है। **नोट:** संभावित बोलीदाताओं को अधिक जानकारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल को देखने के लिए अनुरोध किया जाता है।
**मंडल रेल प्रबंधक (सी), रंगिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# वर्ष के अंत तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य कठिन

आज 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत में इस रोग के उन्मूलन की स्थिति की विवेचना जरूरी है। प्रति वर्ष टीबी (क्षय रोग) से 3.20 लाख भारतीयों की मौत होती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) प्रभावित देशों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। भारत सरकार लंबे समय से टीबी उन्मूलन का अभियान चला रही है। डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024' के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक औसत 8.3% की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसके बावजूद चालू वर्ष 2025 के अंत तक क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले का है। विश्व के मल्टीड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के 62 फीसदी मरीज भारत में हैं। पिछले छह महीनों में किए गए सर्वे के देश में अनुसार 21% बच्चे (16 वर्ष तक) और 14% वयस्क मामलों में टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं, लेटेंट टीबी (जो शरीर में मौजूद होती है लेकिन सक्रिय नहीं होती) के लिए आईजीआरए जांच में 23% बच्चों और 43% वयस्कों में संक्रमण पाया गया। भारत में टीबी के बढ़ते मामलों के मुख्य कारण जानकारी का अभाव, कुपोषण, रहन-सहन में स्वच्छता की कमी आदि हैं। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इस बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं। पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों में संक्रमण) के अलावा टीबी बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैलने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जल्द जांच और प्रभावी इलाज इससे मुक्ति के उपाय हैं। टीबी की निगरानी और स्क्रीनिंग को और मजबूत किया जाए। टीबी निदान के लिए ट्रिपल-लेयर सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि शुरुआती चरण में ही टीबी की पहचान हो सके। सरकार की पोषण सहायता योजना के तहत अप्रैल 2018 से हर टीबी मरीज को 500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं, पर राशि कम है और योजना का क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। सरकार मुफ्त में दवा भी देती है। सीएजी के मुताबिक, 2018-19 से 2022-23 के बीच कुल 2.60 लाख टीबी मरीजों को 72.24 करोड़ का भुगतान बकाया रहा (नवंबर 2022 तक)। टीबी) एक संक्रामक बैक्टीरियल बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी पीड़ित मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। दुनिया के कुल टीबी मामलों का लगभग 26 प्रतिशत भारत में हैं। समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार, मास्क का उपयोग और टीबी मरीज से दूरी बनाए रखना, संक्रमण के खतरे को कम करने में मदद करता है।। टीबी का अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरनाक होता है, बल्कि यह बीमारी को और भी घातक बना सकता है। इसलिए पूर्ण इलाज जरूरी है। भारत सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है, इसमें जांच व इलाज निःशुल्क है। टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से प्रयास करने की जरूरत है।



विश्लेषण

प्रो. अश्वनी महाजन

# पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?

डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डब्ल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। यूएस की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है।

90 के दशक में वैश्वीकरण के प्रतीक के रूप में डब्ल्यूटीओ का जन्म हुआ। कहा गया कि दुनिया एक गांव की तरह है, इसलिए न केवल वस्तुओं और सेवाओं बल्कि पूंजी का भी निर्बाध मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए; ताकि सभी देशों के लोगों को सबसे सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह भी कहा गया कि पूंजी का मुक्त प्रवाह और पर्याप्त उपलब्धता विकासशील देशों में भी विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाएगी।

डब्ल्यूटीओ की खासियत यह थी कि इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संचालन को नियम-आधारित बनाया गया। यानी अगर कोई देश डब्ल्यूटीओ के समझौतों के मुताबिक व्यवहार नहीं कर रहा है, यानी डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ विदेशों से आने वाले सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा रहा है या बाधाएं या अवरोध लगा रहा है, तो उस देश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, शुरू से ही विकासशील देश डब्ल्यूटीओ के कथित लाभों को लेकर आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि वे टैरिफ और अन्य प्रकार की बाधाओं के माध्यम से अपने उद्योगों और कृषि को विदेशी देशों से अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों से होने वाली प्रतिस्पर्धा से ठीक से बचा नहीं पाएंगे। इतना ही नहीं, ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि, खासकर स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि और किसानों की सुरक्षा और उनके उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े समझौतों से होने वाले दुष्प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाना अब संभव नहीं होगा। डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डब्ल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जो फैसले लिए हैं, उनसे डब्ल्यूटीओ के पतन की गति और तेज हो गई है। पूरी दुनिया में डब्ल्यूटीओ के भविष्य को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डब्ल्यूटीओ को मानव कल्याण, विकास और सुचारू विश्व व्यापार का प्रतीक मानते थे, वे अब इस बात पर बहस कर रहे हैं कि डब्ल्यूटीओ कितनी जल्दी खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व व्यापार संगठन अब पंगु हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन के पंगु होने की प्रक्रिया डब्ल्यूटीओ के दोहा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शुरू हुए दोहा विकास दौर से शुरू हो गई थी। दोहा सम्मेलन में विकासशील देशों ने यह मुद्दा उठाया कि चूंकि विकसित देश आर्थिक रूप से मजबूत हैं, इसलिए असमान व्यापार के कारण विकासशील देशों में विकास प्रक्रिया बाधित होती है। इसलिए विकासशील देशों के विकास को गति देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ में दोहा विकास दौर की वार्ता शुरू हो गई। विकसित देशों की इसमें कोई रुचि नहीं थी और उनकी उदासीनता के




कारण दोहा विकास दौर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। भारत समेत विकासशील देश डब्ल्यूटीओ में जो कुछ हो रहा था, उससे स्पष्ट रूप से निराश थे।

यही नहीं कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति उदासीन थे, अमेरिका को यह लगने लगा था कि उसे डब्ल्यूटीओ से वह सब मिल गया है जो वह चाहता था। उनके कॉरपोरेट अब पहले से कहीं अधिक रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि डब्ल्यूटीओ की स्थापना के बाद बौद्धिक संपदा व्यवस्था ने ज्यादातर अमेरिका की कंपनियों को तरजीह दी, जिनके पास अधिकांश पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार थे। अमेरिकी कंपनियों को विकासशील देशों में निवेश करने के भरपूर अवसर मिले और अमेरिकी कृषि उत्पादों को विकासशील देशों में अभूतपूर्व बाजार पहुंच मिलनी शुरू हो गई। लेकिन 2001 में चीन के डब्ल्यूटीओ में प्रवेश और उसके आर्थिक उत्थान के बाद, चीनी माल ने अमेरिकी बाजारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और अमेरिका को चीन के साथ विदेशी व्यापार में भारी व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने यह अब यह शिकायत करना शुरू कर दिया कि डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली के कारण, वह अन्य सदस्य देशों के साथ कई विवादों में हार रहा है। अतीत में, अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई अन्य संगठनों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को वित्तीय योगदान देता था। लेकिन, जब से डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने, अमेरिका में यह धारणा बनने लगी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से इन संस्थाओं को वित्तपोषित करना अमेरिका के हित में नहीं है। अपनी रणनीति के तहत अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बाधा डाली। इसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान प्रणाली ही लगभग पंगु हो गई। यह सर्वविदित है कि विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार संगठन की नियम-आधारित प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके कारण अब सदस्य देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान नहीं रह गया है। यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की उदासीनता के कारण विश्व व्यापार संगठन कमजोर होता जा रहा है।

विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है। ऐसे में वे विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलनों में इसे प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापस आने के बाद अब विश्व व्यापार संगठन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मुक्त व्यापार व्यवस्था पर सीधा हमला करना शुरू कर दिया है। वही अमेरिका, जो विश्व व्यापार संगठन की बातचीत और गठन में सबसे आगे था; और दुनिया भर में मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार था, अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहा है; और तर्क देते हुए कि चूंकि दुनिया के अन्य देश उच्च टैरिफ लगाते हैं, इसलिए अमेरिका भी उच्च आयात शुल्क लगाएगा, जिसे वह 'पारस्परिक टैरिफ' कहता है। इस टैरिफ युद्ध की घोषणा के साथ, विश्व व्यापार संगठन की प्रासंगिकता खत्म होती जा रही है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मौसम

सुशील देव



# गर्मी बढ़ने के साथ संकट में घिरने लगी है दिल्ली

पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार मौसम में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से दिल्ली में गर्मी की आशंका अभी से सताने लगी है। आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानते हैं कि 21 मार्च 2025 से आसमान साफ होने और चटक धूप पड़ने से गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू होगी, जिससे मार्च महीने के आखिर तक गर्मी का असर बढ़ेगा। इसलिए जल्द ही दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कहते हैं कि दिल्ली की गर्मी और सर्दी बहुत भयंकर होती है। ऐसे में दिल्ली सरकार पहले से ही सचेत रहना चाहिए। दिल्ली देश की राजधानी है, उस हिसाब से केंद्र सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि गर्मी से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करना चाहिए। दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ जाती है, पीने के पानी की समस्या। ज्यादातर जगहों पर तो गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जीवन के इस महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के मद्देनजर पहले दिल्लीवासियों को साफ पानी की सप्लाई सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इस बार भी यही होना है। हर गर्मी में यहां जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे निपटने में सरकार असफल हो जाती है। इतना ही नहीं, गर्मी के दौरान कई इलाकों में पानी की भारी कमी होती है, वहीं टैंकरों की आपूर्ति में देरी होती है या भ्रष्टाचार के कारण पानी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पानी की कमी वाले इलाकों में टैंकरों से लोगों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की टंकियां लगाने की योजना या तो अधूरी रह जाती है या ठीक से लागू नहीं होती। दिल्ली सरकार ने पिछले साल गर्मियों में कई उपाय नहीं कर पाईं थीं। इनमें राजधानी शहर के अंदर पर्याप्त कूलिंग शेल्टर नहीं तैयार होना प्रमुख रहा। ज्ञात हो कि सार्वजनिक स्थानों पर कूलिंग शेल्टर यानी ठंडी छांव, जल सेवा केंद्र, शीतल स्थल बहुत कम हैं। बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार व्यवस्था की कमी है, जिससे लोग लू का शिकार हो जाते हैं। गर्मियों में एयरकंडीशनर, कूलर और पंखों की जरूरत बढ़ जाती है लेकिन बार—बार बिजली की कटौती होने से भी यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस बार बिजली कटौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गर्मियों में इसबार बिजली की मांग रिकार्ड तोड़ रह सकती है। यह करीब 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है।बीआरपीएल के क्षेत्र में 4 हजार मेगावाट, बीवाईपीएल के क्षेत्र में 1900 मेगावाट और टीपीडीडीएल के क्षेत्र में 2562 मेगावाट तक जा सकती है। पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8656 मेगावाट रही थी। दिल्ली सरकार को कल-कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष राहत प्रदान करने वाली नीतियां बनानी चाहिए। गर्मी के समय में इनके काम के घंटे कम करने या सुरक्षा उपाय देने पर जोर दिया जाना चाहिए। पिछले साल भी इस संदर्भ में ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों में गर्मियों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताने के लिए बड़े पैमाने पर टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए थे, लेकिन प्रभावी रूप से ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, हीट वेव के लिए कोई एसएमएस अलर्ट सिस्टम नहीं बनाया गया जिससे लोग समय रहते सावधान हो सके। सरकार को दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य प्रति भी चिंता कम रही। हीट स्ट्रोक से निपटने के उपायों के तहत अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपातकालीन सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण लू से पीड़ित लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर दिल्ली सरकार ने कुछ प्रयास जरूर किए, लेकिन वे पर्याप्त नहीं थे। अगर सही योजना और क्रियान्वयन होता, तो गर्मी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता था। दिल्ली सरकार को गर्मियों से बचने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध के साथ नई हरियाली लगाने की गति को तेज करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। सरकारी भवनों, बस स्टॉप और मुख्य सड़कों पर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित

**दर्शन**

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क और सावधान रहें




संकलित

**प्रेरणा**

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मनोबल गिराने वाली कार्रवाई

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन-चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकड़ने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

*- मनोज रावत, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# अदालत ने हान के खिलाफ महाभियोग किया खारिज

दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने देश के प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया और देश के दूसरे नंबर के नेता को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया लेकिन राष्ट्रपति यून सूक येओल के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला नहीं सुनाया गया है। पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून के खिलाफ 'नेशनल असेंबली' द्वारा महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हान कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। देश में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण एक बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। विपक्षी सांसदों के साथ राजनीतिक संघर्ष के बाद सदन में दिसंबर के अंत में हान के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया गया। संवैधानिक अदालत ने सोमवार को कहा कि उसने हान के खिलाफ महाभियोग को रद्द करने का फैसला किया है, लेकिन यून के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला आना बाकी है। अगर अदालत यून के खिलाफ महाभियोग को बरकरार रखती है तो दक्षिण कोरिया को नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव कराना होगा। अगर अदालत उनके पक्ष में फैसला सुनाती है तो यून को पद पर बहाल कर दिया जाएगा और उन्हें राष्ट्रपति पद की शक्तियां वापस मिल जाएंगी।



## ऑफ बीट

# अल्जाइमर का रक्त परीक्षण से चल सकता है जल्दी पता



किसी व्यक्ति में अल्जाइमर रोग का निदान करने के लिए इन सभी लक्षणों का मौजूद होना जरूरी नहीं है, हालांकि मस्तिष्क में एमाइलॉइड-बीटा प्लाक और/या तो उलझनों की उपस्थिति आवश्यक है। इसके विपरीत, कुछ लोगों में बायोमार्कर परिवर्तन हो सकते हैं लेकिन कभी भी अल्जाइमर रोग के लक्षण विकसित नहीं हो सकते हैं। चूँकि मस्तिष्क में अन्य लक्षण प्रकट होने से वर्षों पहले रक्त में इन बायोमार्कर परिवर्तनों का पता लगाया जा सकता है, यह अल्जाइमर रोग का निदान करने का एक तेज़ और कम आक्रामक तरीका प्रदान कर सकता है। रक्त परीक्षण वर्तमान में खरीद के लिए उपलब्ध अधिकांश रक्त परीक्षण रक्त में दो अलग-अलग प्रकार के अमाइलॉइड-बीटा को मापते हैं: अमाइलॉइड-बीटा 42 और अमाइलॉइड-बीटा 40 । फिर इन दो प्रोटीनों के बीच अनुपात की गणना की जाती है। यह अनुपात जितना कम होगा, व्यक्ति में अमाइलॉइड प्लाक और इसलिए अल्जाइमर रोग होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। ऐसा ही एक परीक्षण, प्रीसीविटीएडी, डॉक्टरों द्वारा अमेरिका में अल्जाइमर के लक्षण प्रदर्शित करने वाले लोगों में उपयोग करने के लिए अनुमोदित किया गया है, और इसे यूरोपीय संघ में उपयोग के लिए सुरक्षित माना गया है।

## ट्रेंड

### संरक्षित स्मारक नहीं



उत्तर प्रदेश के एटा लोकसभा क्षेत्र में स्थित महाकवि तुलसीदास और अमीर खुसरो की जन्मस्थलियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार के तहत 'संरक्षित स्मारक नहीं हैं व किसी योजना में इनके विकास एवं संरक्षण का प्रस्ताव नहीं है।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री

### सरकार सहयोग कर रही



जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करना जनता के समर्थन के बिना संभव नहीं है। निर्वाचित सरकार प्रयास कर रही है और उपराज्यपाल का सहयोग कर रही है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और शांति बनी रहे।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### नारायण गुरु के विचार अहम



शिक्षा के माध्यम से प्रबुद्ध बनें, संगठन के माध्यम से मजबूत बनें, और कड़ी मेहनत के माध्यम से समृद्ध बनें। - श्री नारायण गुरु के विचार। गुरु ने पिछली सदी में जाति व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था।

-राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### भाजपा का फर्जी मुद्दा



भाजपा आज संसद को स्थगित कराने के लिए कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और शिवकुमार के कथित बयान के रूप में एक पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आई, ताकि न्यायमूर्ति वर्मा प्रकरण पर चर्चा न हो।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पर्यटन की 76 केंद्रीय परियोजनाओं में छग का हिस्सा बस एक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए सतत प्रयासरत रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद के प्रश्नकाल के दौरान केंद्र सरकार से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी। सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से प्रश्न पूछते हुए सांसद अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर आदि के विकास के लिए सरकार की कार्ययोजना का ब्यौरा मांगा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या केंद्र सरकार राज्य में धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज जारी करने पर विचार कर रही है? सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवालों के जवाब में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत के बाद से देशभर में 5 हजार 287 करोड़ रुपए की लागत से 76 पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है।

**खास बातें**

- 5 हजार 287 करोड़ रुपए की लागत से 76 पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।
- रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास के प्रमुख प्रोजेक्ट

मंत्री शेखावत ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत 96.10 करोड़ रुपए की लागत से जशपुर, कुनकुरी, मैनपाट, कमलेशपुर, महेशपुर, सरोधादादर, गंगरेल, कोंडागांव, नथियानवागांव, जगदलपुर, चित्रकूट और तीर्थगढ़ के पर्यटन विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्रसाद योजना के तहत 44.84 करोड़ रुपए की लागत से मां बमलेश्वरी मंदिर में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इतना ही नहीं एसएएससीआई के तहत 95.79 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास और 51.87 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

### पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारीगरों और गाइडों के लिए प्रशिक्षण योजना

केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और गाइडों के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण या वित्तीय सहायता योजना संचालित नहीं की जा रही है। हालांकि, हुनर से रोजगार तक कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रदाता प्रमाणन कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित और पेशेवर पर्यटक सुविधा प्रदाताओं को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जोड़ा जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### जशोदाबेन ने बांकेबिहारी से मांगा आशीर्वाद



**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन शनिवार की देर शाम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचीं। ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने बाजार में ठाकुरजी की पोशाक की भी खरीदारी की। पुलिस ने मंदिर के वीआईपी कटघरे में उन्हें पहुंचाया। परिवार के पांच सदस्यों के साथ मंदिर पहुंचीं जशोदाबेन को मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना करवाई और ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। पूजन कर देश के सुख समृद्धि की कामना की।

### मुर्मू ने श्री नीलमाधव मंदिर में पूजा की



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में श्री नीलमाधव मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। श्री नीलमाधव मंदिर महानदी के तट पर कांतिलो में स्थित है। मंदिर के पुजारी ने कहा, राष्ट्रपति ने आरती की। वह प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना कर के प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की है।

भाजपा नेताओं का आरोप कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने संविधान बदलकर मुस्लिम आरक्षण देने की बात कही

# राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री रिजिजू के खिलाफ विपक्ष लाया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

**भारी हंगामे की वजह से दो बार कार्यवाही हुई ठप, फिर दिन भर के लिए स्थगित**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हुआ होगा कि सदन के नेता के खिलाफ विपक्ष विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लेकर आये। कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के खिलाफ अलग अलग प्रस्ताव सभापति के समक्ष मूव किया है। जयराम का आरोप है कि झूठी और मनगढंत आरोप कांग्रेस पार्टी पर उनके उनके नेता पर दोनों नेताओं ने लगाया है। दोनों नेताओं ने क्या क्या बोला, उसकी ट्रांसक्रिप्ड कॉपी राज्यसभा सचिवालय से लेकर जयराम ने अपने निवेदन के साथ ही नत्थी कर दिया।

राज्यसभा में सोमवार को विपक्ष कुछ समझ पाता उससे पहले ही सत्ता पक्ष की ओर से ताबड़तोड़ इल्जाम लगने लगे। मोर्चा संभाला हुआ था संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के संवैधानिक पद पर बैठे एक नेता ने मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि केंद्र में उनकी सरकार आई तो वे संविधान बदलकर मुस्लिमों को आरक्षण देंगे। जब कि धर्म के आधार पर संविधान में आरक्षण का प्रावधान बाबा साहेब अंबेडकर ने नहीं की। सत्ता पक्ष की ओर से भारी नारेबाजी शुरू हो गई। विपक्ष की ओर से विरोध शुरू हुआ। राज्यसभा की कार्यवाही की अभी शुरूआत ही हुई थी। सत्ता पक्ष की इस सियासत को विपक्ष अभी समझ पाता तब तक उच्चसदन में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कमान संभाल लिया। उन्होंने बेलाग आरोप लगाया कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री (डीके शिवकुमार) ने विधानसभा में कहा मुस्लिमों को आरक्षण दिया जाएगा। विधानसभा के मार्फत कर्नाटक में माइनॉरिटी खासकर मुस्लिमों को ठेके के काम में 4 फीसदी आरक्षण देने के लिए व्यवस्था की गई। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के लोग संविधान के रक्षक बने फिरते हैं। जहां सरकार होती है वहां गैर संवैधानिक काम करते हैं। रिजिजू और नड्डा द्वारा सदन में लगाये गये आरोपों को सिद्ध करने के लिए पटल पर साक्ष्य रखने को सभापति ने तब कहा जब कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने ऐसी मांग की। भारी हंगामें के बीच सदन दो बार स्थगति हुआ फिर ढाई बजे पूरे दिन के लिए राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

उससे पहले विपक्ष की ओर से मल्लिकार्जुन खडगे ने भाजपा के दोनों नेताओं के कथन को मनगढंत और झूठा आरोप कहा। उन्होंने कहा कि खुद डीके शिवकुमार ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। खडगे ने कहा, हमलोग संविधान बचाने वाले लोग हैं। भाजपा नेता चूंकि जज के यहां से नोटों का बंडल मिलने वाले विषय पर बहस नहीं चाहते इसीलिए सदन की कार्यवाही को ठप करने पर उतारू हैं। उपसभापति हरिवंश ने तब विपक्ष के नेता को ऐसा बोलने से रोकते हुए कहा जो सुबह बोला आपने केवल उतना ही बोलिये।





भारी हंगामे के बीच सदन दो बार स्थगित हुआ

**ये है मामला**

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने मुस्लिम आरक्षण लागू करने के लिए संविधान बदलने की बात कही है। यह आरोप हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ पोस्ट्स से उत्पन्न हुआ है। इन पोस्ट्स में दावा किया गया है कि डी.के. शिवकुमार ने कहा, मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए हम संविधान बदल देंगे। हालांकि, इस बयान की सत्यता को सत्यापित करने के लिए किसी विश्वसनीय समाचार स्रोत या आधिकारिक बयान का कोई स्पष्ट प्रमाण अभी तक सामने नहीं आया है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने सरकारी ठेकों में मुस्लिमों के लिए 4 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव रखा था। इस कदम का भाजपा सहित कई विपक्षी दलों ने विरोध किया है। इसे तुष्टिकरण की राजनीति और संविधान के खिलाफ बताया है। लेकिन ये बात भी अब तक सच है कि डी.के. शिवकुमार द्वारा संविधान बदलने की बात कहे जाने का कोई ठोस सबूत, जैसे कि उनका आधिकारिक बयान, वीडियो, या किसी प्रतिष्ठित मीडिया रिपोर्ट में अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।

कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला

# वक्फ विधेयक संसद में लाया जाएगा इस पर असमंजस, पर विपक्षी खेमेबंदी तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अपने बयान में इस विधेयक को संविधान पर हमला करार दिया और इसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उस रणनीति का हिस्सा बताया, जिसका उद्देश्य देश के बहु-धार्मिक समाज में सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाना और अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करना है।

जाहिर है मुख्य विपक्षी दल के इस रुख का असर संसदीय कार्यवाही पर सोमवार को पड़नी तय है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के रणनीतिकार वक्फ विधेयक को संसद से पारित कराने को लेकर अभी मुफीद समय मान रहे हैं। उनके मुख्य घटक दल बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार कथित बीमारी की वजह से सियासी रूप से बहुत एक्टिव नहीं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को पहले ही केंद्र सरकार ने विधेयक पर उन्हें अपने पाले में कर लिया है। अब बस बिहार विधानसभा चुनाव में वक्फ विधेयक पारित होने पर राजनीतिक असर का आकलन भाजपा कर रही है। उसके बाद इसी सत्र में विधेयक को पारित कराने का प्रस्ताव है ये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मान रहे हैं। यही वजह है कि जंतर मंतर पर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में पहले मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन कर दबाव बनाया अब रविवार को कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने औपचारिक रूप से विधेयक को पांच कारणों से अनुचित ठहराया है। सीधा इशारा है, संसद में विधेयक लाया गया तो भारी विरोध होगा। जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा इस विधेयक के जरिए समाज को ध्रुवीकृत कर चुनावी लाभ लेने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह इस विधेयक का पुरजोर विरोध करती रहेगी।

**कांग्रेस पार्टी के ये 5 कारण जिससे वक्फ विधेयक का है विरोध**

- यह वक्फ प्रबंधन के संस्थानों जैसे राष्ट्रीय परिषद, राज्य बोर्ड और ट्रिब्यूनल के अधिकारों को कम करता है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को उनकी धार्मिक परंपराओं और संस्थाओं के प्रशासन से वंचित किया जा सके।
- वक्फ की परिभाषा में जानबूझकर अस्पष्टता पैदा की गई है, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कौन अपनी भूमि को वक्फ के लिए दान कर सकता है।
- 'वक्फ बाई यूजर' की अवधारणा, जो न्यायपालिका द्वारा लंबे समय से मान्य थी, को समाप्त किया जा रहा है।
- वक्फ प्रशासन को कमजोर करने और अतिक्रमण को बढ़ावा देने के प्रावधान जोड़े गए हैं, साथ ही अतिक्रमण करने वालों को बचाने के लिए कानूनी सुरक्षा बढ़ाई जा रही है।
- कलेक्टर और राज्य सरकार के अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों पर एकतरफा निर्णय लेने की व्यापक शक्तियां दी गई हैं, जिससे शिकायत या आरोप के आधार पर वक्फ की मान्यता रद्द की जा सकती है।

बजट में प्राचीन टीला पर उत्खनन की घोषणा के बाद सीएम मंगलवार को करेंगे शुभारंभ

# महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा में 44 साल बाद होगा उत्खननः अरविंद शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा में 44 साल के बाद कल 25 मार्च को उत्खनन का कार्य शुरू किया जाएगा।

इसका शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तक्षशिला और मथुरा के ऐतिहासिक व्यापार मार्ग पर स्थित महाराजा अग्रसेन की नगरी अग्रोहा के प्राचीन टीला पर 44 साल के बाद उत्खनन शुरू होने जा रहा है। हरियाणा में सिंधु-सरस्वती सभ्यता के प्राचीन व ऐतिहासिक उदाहरण राखीगढी के बाद अग्रोहा में उत्खनन से इस क्षेत्र के दुनिया से व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंधों के ठोस प्रमाण देखने को मिलेंगे। जिससे वैश्विक मंच पर भारत की नगर नियोजन व्यवस्था व विभिन्न अवधि में सांस्कृतिक, व्यापारिक, मानव जीवन शैली का विस्तार रूप प्रदर्शित होगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगलवार को अग्रोहा में केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित प्राचीन टीला के उत्खनन कार्य व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान के पीजी डिप्लोमा पुरातत्व के 2025 बैच के छात्र पुरातत्वविदों के प्रशिक्षण शिविर का भी उद्घाटन करेंगे। प्राचीन टीला पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण व पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की संयुक्त टीम उत्खनन के माध्यम से अग्रोहा और बाहरी दुनिया के व्यापारिक संपर्क की प्रकृति को समझने की कोशिश करेगी।

हरियाणा में एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा

# रबी की फसलों की खरीद के लिए एजेंसियां कर लें पूरी तैयारियां, किसानों को न आए दिक्कतः सीएम नायब

- कहा, मंडियों में खाली स्थानों में बड़े शैडों का करवाया जाए निर्माण, ताकि तुलाई के बाद गेहूं को इन शैडों में रखा जा सके

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसले बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इसलिए मंडियों में गेहूं खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियों में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण किया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत करवाया कि रबी की फसलों की खाद्य, आपूर्ति नागरिक उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 30 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 40 प्रतिशत, हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 20 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 प्रतिशत की खरीद की जानी है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है। सरसों की खरीद 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से आरंभ हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। इसी प्रकार से गेहूं, जौ और चने की खरीद भी एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाया जाए, किसानों को फसल बेचने में असुविधा न हो। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्त विभाग/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 के लिए 6653 करोड़ रुपए की कैश क्रैडिट लिमिट पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अलावा बैंकर्स को भी ध्यान रखना होगा कि मंडियों से निकासी गेट पास जारी होने के 48 से 72 घंटों में किसानों के खाते में सीधा भुगतान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को कायम रखा जाए। हरियाणा देश में गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और लगभग 25 प्रतिशत गेहूं केंद्रीय पुल में हरियाणा देता है। सीएम को इस बात की जानकारी दी गई कि गेहूं खरीद के लिए प्रदेश में 415 मंडिया, जौ के लिए 25, चने के लिए 11, मसूर के लिए 7, सरसों के लिए 116 और सूरजमुखी के लिए 17 मंडिया संचालित रहेंगी। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल, जौ का 1980 रुपये प्रति क्विंटल, चने का 5650 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर का 6700 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों का 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा सूरजमुखी का 7280 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

मुस्लिम वोटबैंक परस्ती में देश कहां जाएगा, भाजपा ने कांग्रेस से पूछा

# हम संविधान बदल देंगे लोस चुनाव में विपक्ष का एक भ्रामक प्रचार था: प्रसाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा नेता ने रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कहा कि पिछले दो-तीन साल से कांग्रेस का हम पर आरोप है कि हम संविधान बदल देंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में उनका एकमात्र 'थीम' यही था। जो बिल्कुल छूठ पर आधारित था, एक भ्रामक प्रचार था। उन्होंने कहा कि आज मुझे पहला सवाल उठाना है कि मुस्लिम वोटबैंक परस्ती में देश कहां जाएगा। इन्होंने (कांग्रेस ने) शाहबानो के जजमेंट को पलट दिया था। इसके बाद इतना हंगामा हुआ कि राजीव गांधी को झुकना पड़ा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि हम राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछना चाहते हैं कि आप देश को बताएं कि जब धर्म के आधार पर आरक्षण जायज़ नहीं है, तो इसके लिए आप संविधान को नहीं बदलेंगे... देश ये जानना चाहता है।

नई दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के 'संविधान परिवर्तन' वाले बयान को लेकर उठे राजनीतिक विवाद पर कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भ्रामक प्रचार किया था, जिसमें दावा किया गया था कि अगर भाजपा को बहुमत मिला तो वे संविधान में बदलाव कर देंगे। हालांकि, अब बड़ा सवाल यह है कि तुष्टीकरण की राजनीति के मद्देनजर देश किस दिशा में जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सच्चाई अपने आप सामने आ जाती है।

भाजपा सांसद ने कहा कि भारतीय संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं है। पिछड़ेपन के आधार पर ही आरक्षण दिया जा सकता है। मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति में चल रही होड़ से सवाल उठता है कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्होंने कहा कि नागपुर हिंसा के मामले में भी कांग्रेस पूरी तरह चुप रही। गांधी परिवार कुंभ में नहीं गया। पहले राहुल गांधी कभी-कभार मंदिर जाते थे, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के दबाव में यह बंद हो गया।

प्रसाद ने कहा कि डीके शिवकुमार एक शुरुआत हैं और कांग्रेस पार्टी का हिडेन एजेंडा है कि संविधान को वोट के लिए बदलेंगे। उन्होंने कहा कि यह देश छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेता है और हमेशा औरंगजेब के बजाय छत्रपति शिवाजी महाराज को ही चुनेगा। भाजपा सीधे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती है कि छत्रपति महाराज और औरंगजेब की विरासत को लेकर चल रहे विवाद पर उनका क्या रुख है। वे अब अपनी सुविधाजनक चुप्पी की आदत के पीछे छिप नहीं सकते।

आरजीकर कॉलेज में दुष्कर्म का मामला

# कोर्ट ने सीबीआई से मांगी केस डायरी, पूछा-क्या सबूत मिटाने की संभावना भी जांच रहे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



आरजीकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले की जांच से संबंधित केस डायरी अगली सुनवाई पर पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई ये यह भी पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या मामले में सबूतों को नष्ट किए जाने की संभावना के एंगल पर भी जांच कर रही है। वहीं, मृतका के परिजन और मामले में याचिकाकर्ता ने इस दौरान अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट में आरोप-पत्र दाखिल करते समय सीबीआई ने कहा था कि अपराध में बड़ी साजिश शामिल थी। ऐसे में उन्होंने मामले की आगे की जांच के लिए प्रार्थना की। जिस पर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने निर्देश दिया।

### ये भी पूछा अपराधी एक है या और भी हैं

न्यायमूर्ति घोष ने उप महाधिवक्ता (डीएसजी) को यह साफ करने का निर्देश दिया कि क्या सीबीआई ने कभी भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70 (सामूहिक बलात्कार) के तहत अपराध की जांच करने पर विचार किया था। चूंकि इस मामले में एक व्यक्ति को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में न्यायमूर्ति घोष ने आगे पूछा कि क्या सीबीआई ने अपने आरोप-पत्र में इस बात पर विचार किया था कि अपराध एक अकेले अपराधी द्वारा किया गया था।

# सात दिन में रुपए ने बदला बाजार का पूरा सीन, की 2025 के नुकसान की भरपाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपए ने लगातार सातवें दिन अपनी विनिंग स्ट्रीक जारी रखी और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ। खास बात तो ये है कि रुपए ने अब से पहले साल 2025 जितना भी नुकसान झेला था, उसे पूरी तरह से रिकवर कर लिया। रुपए में तेजी का प्रमुख कारण घरेलू इक्विटी बाजारों में सकारात्मक रुख और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर में जारी कमजोरी ने भी धारणा को मजबूत किया। हालांकि जानकारों का कहना है कि तरलता की कमी से लेकर पारस्परिक टैरिफ के लागू होने तक के जोखिम रुपए के लिए चुनौतियां बने हुए हैं।

■ रुपया जल्द 85 के स्तर को तोड़कर 84 के स्तर पर भी पहुंच सकता है

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ रुपया

### रुपए में जोरदार इजाफा

इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया 85.93 पर खुला, फिर डॉलर के मुकाबले 85.49 के उच्च स्तर और 86.01 के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 85.67 पर बंद हुआ। इसका मतलब है कि बाजार बंद होने तक रुपए में 31 पैसे की तेजी देखने को मिल चुकी थी। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे बढ़कर 85.98 पर बंद हुआ। रुपए में लगातार सातवां सत्र बढ़त का रहा, इस दौरान इसमें 154 पैसे की बढ़ोतरी हुई। लोकल करेंसी ने 2025 के लिए अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। 31 दिसंबर, 2024 को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर बंद हुआ।



### और देखने को मिल सकती है तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट ने कहा कि भारतीय रुपए ने सालाना नुकसान की भरपाई की, क्योंकि विदेशी बैंकों और निर्यातकों ने वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजन से पहले डॉलर बेचे, जबकि राज्य स्तर के बैंक आरबीआई के यूएसडी/आईएनआर स्वैप के बीच खरीदारी से दूर रहे। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ कार्यान्वयन से पहले अमेरिकी प्रतिनिधि के भारत आने से पहले भावनाएं सकारात्मक हो गई हैं। इसके अलावा, घरेलू इक्विटी में विदेशी फंडों की खरीदारी ने भी रुपए को अच्छा समर्थन दिया।

### 47 पैसे की और बढ़त देखने मिल सकती है

खास बात तो ये है कि आने वाले दिनों में रुपए में जिस तरह की तेजी का अनुमान लगाया गया है, उस पर आप यकीन नहीं कर पाएंगे। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में रुपए में और 47 पैसे तक की बढ़त देखने को मिल सकती है। कुछ तो यहां तक भी कह रहे हैं कि रुपया 85 रुपए के लेवल को तोड़कर 84 के लेवल पर भी पहुंच सकता है।

## वरिष्ठ नौकरशाह अजय सेठ वित्त सचिव नियुक्त

नई दिल्ली। वरिष्ठ नौकरशाह अजय सेठ को सोमवार को नया वित्त सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। तुहिन कांत पांडेय को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने के बाद वित्त सचिव का पद रिक्त हो गया था।

**NOTICE**

I , VIPIN Kumar Singhal, S/O Late Buddhan Singh, R/o D-7, Siddharth Nagar, Ashram New Delhi-110014, that I have lost my original property A-10 Siddharth Nagar registry documents while traveling in a Delhi Transport Corporation (DTC) bus on 21.03.2025.

If found contact 8595405500
vipinsinghal166@gmail.com

### सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# सेबी ने एफपीआई के लिए डिस्क्लोजर की सीमा को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए किया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने सोमवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की तरफ से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा को दोगुना करके 50,000 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इस कदम का उद्देश्य अपरिवर्तित रहने वाले शेयरधारिता मानदंड में बदलाव न करते हुए भी बदलते हुए बाजार की गतिशीलता का ध्यान रखना है। फिलहाल 25,000 करोड़ रुपये से अधिक प्रबंधन-अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) वाले एफपीआई के लिए अपने सभी निवेशकों या हितधारकों का विस्तृत विवरण अंतर्निहित विश्लेषण के आधार पर देना जरूरी है।

### कारोबार की मात्रा हुई दोगुनी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, ''वित्त वर्ष 2022-23 और चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने लागू सीमा को मौजूदा 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।''

*अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी :* पांडेय ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद कहा, ''इस तरह से भारतीय बाजारों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी एयूएम रखने वाले एफपीआई को अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी। नवनियुक्त चेयरमैन पांडेय की अगुवाई में यह निदेशक मंडल की पहली बैठक थी।

*अतिरिक्त खुलासा शर्तों पर दी गई छूट :* कुछ एफपीआई, जिनमें विस्तारित निवेशक आधार वाले व्यापक-आधारित, पूल संरचना वाले या सरकार या सरकार से जुड़े निवेशकों द्वारा स्वामित्व हित रखने वाले एफपीआई शामिल हैं, को कुछ शर्तों के अधीन ऐसी अतिरिक्त खुलासा शर्तों से छूट दी गई है।





- एफपीआई की ओर से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा दोगुनी
- नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई
- मौजूदा लागू सीमा 25,000 करोड़ रुपए को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए की

### सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण देना जरूरी

अगस्त, 2023 में सेबी ने किसी एक कॉरपोरेट समूह में अपने इक्विटी एयूएम का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाले या भारतीय इक्विटी बाजारों में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल हिस्सेदारी रखने वाले एफपीआई को निर्देश दिया था कि वे एफपीआई में स्वामित्व, आर्थिक हित या नियंत्रण रखने वाली सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण दें।

### निवेश सलाहकार ले पाएंगे एक साला का अग्रिम शुल्क

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों को एक साल तक अग्रिम शुल्क लेने की अनुमति देने का फैसला किया। मौजूदा नियमों के तहत निवेश सलाहकार (आईए) ग्राहक की सहमति होने पर दो तिमाहियों तक के लिए अग्रिम शुल्क ले सकते हैं।

### बदलाव का स्वागत

सेबी ने कहा कि उद्योग की कई चिंताओं को दूर करने के लिए पहले भी आईए और आरए से संबंधित नियमों को युक्तिसंगत बनाया गया था। ज्यादातर बदलावों का उन्होंने स्वागत किया है। बाजार नियामक ने कहा कि हालांकि शुल्क संबंधी कुछ प्रावधानों पर चिंताएं बनी हुई थीं, जो आईए और आरए द्वारा अग्रिम शुल्क लेने को छह महीने या तीन महीने तक सीमित करती हैं।

### ग्राहकों का सहमत होना जरूरी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, ''इन चिंताओं को दूर करने के लिए, बोर्ड ने फैसला किया कि अगर ग्राहक सहमत हो, तो आईए और आरए एक साल तक अग्रिम शुल्क ले सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुल्क सीमा, भुगतान विधि, धन वापसी से संबंधित अनुपालन आवश्यकताएं केवल व्यक्तिगत और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) वाले ग्राहकों पर लागू होंगी।

### सेल ने कंपनी में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए मैकिन्सेएंड कंपनी इंडिया एलएलपी के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली** भारत की महारत्न स्टील उत्पादक सार्वजनिक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कंपनी में एक व्यापक डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए मैकिन्से एंड कंपनी इंडिया एलएलपी के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। सेल ने यह सहयोग कंपनी में डिजिटल परिवर्तन के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए किया है, जो परिचालन दक्षता, ग्राहक अनुभव और तकनीकी नवाचार को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते का उद्देश्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना, कंपनी के प्रदर्शन को अनुकूलित करना और तेजी से बढ़ते डिजिटल परिदृश्य में निरंतर विकास को बढ़ावा देना है।

### सोना 700 रुपए टूटा चांदी 200 रुपए तेज

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए रविवार को सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिकी अधिकारियों के बीच वार्ता के मद्देनजर संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीदों के बीच हालिया तेजी के बाद व्यापारियों ने लंबे जमा सौदों की कटान और मुनाफावसूली करना जारी रखा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 90,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। रविवार को यूक्रेन और अमेरिका के बीच रूस के साथ संभावित शांति समझौते की संभावना पर चर्चा के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. राहुल, पुत्र नरेश, निवासी बी–1/484, नंद नगरी, दिल्ली 2. दीपक, पुत्र संजय, निवासी बी–1/1, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 469/0016, U/s 33 Delhi Ex Act, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. राहुल, 2. दीपक** मिल नही रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **1. राहुल, 2. दीपक** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **1. राहुल, 2. दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 03
कक्ष संख्या 19,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/3638/NE/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक सांगवान उर्फ नकुल, पुत्रः** श्री रोहताश चौधरी, **पताः** मकान नंबर 3, गली नंबर 4, पूर्वी कृष्णा नगर, नजफगढ़, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 389/2019, U/s 25 Arms Act, थानाः द्वारका नॉर्थ, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक सांगवान उर्फ नकुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक सांगवान उर्फ नकुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 389/2019, U/s 25 Arms Act, थानाः द्वारका नॉर्थ, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक सांगवान उर्फ नकुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 06
कोर्ट नं. 514, द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/3447/DW/2025
(Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### लिवाली से सेंसेक्स ने लगाई 1,079 अंक की छलांग, छह सप्ताह के शिखर पर

**मुंबई (भाषा)।** विदेशी कोषों की खरीदारी और बैंकिंग तथा तेल एवं गैस शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा। सेंसेक्स 1,079 अंक की छलांग के साथ छह सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 308 अंक के लाभ में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,078.87 अंक यानी 1.40 प्रतिशत उछलकर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,201.72 अंक बढ़कर 78,107.23 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 307.95 अंक यानी 1.32 प्रतिशत बढ़कर 23,658.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 358.35 अंक बढ़कर 23,708.75 अंक पर पहुंच गया था। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार छठा दिन रहा। छह दिन की इस तेजी के दौरान सेंसेक्स ने 4,100 अंक यानी पांच प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है जबकि निफ्टी में 1,260 अंक यानी 5.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने केयर टुडे फंड के साथ साझेदारी करते हुए रायपुर में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** जीवन अच्छा है जब जीवन साझा किया जाता है अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करता है एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने ₹जीवन साझा करने पर जीवन अच्छा है थीम के तहत एक प्रेरणादायक राष्ट्रव्यापी रक्तदान पहल शुरू की है। स्वैच्छिक रक्तदान के आह्वान से कहीं अधिक, यह अभियान जरूरतमंद लोगों के लिए एकजुटता और देखभाल की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति है। आगामी रक्तदान अभियानः दुर्गा महाविद्यालय रायपुर ये शिविर एक बढ़ती पहल का हिस्सा हैं जिसने पहले ही उल्लेखनीय प्रभाव डाला है - 80 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं, जिसमें 5 मार्च, 2025 तक 8,500+ पंजीकृत दाताओं से 6,000 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। राष्ट्रव्यापी प्रभावः हजारों जिंदगियाँ बचाई गईं इस आंदोलन ने पूरे भारत में समुदायों को एकजुट किया है, विशेष रूप से छात्रों, शिक्षकों और एनएसएस सदस्यों को जीवन-रक्षक दान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। जीवन तभी अच्छा है जब जीवन साझा किया जाए₹ अभियान के माध्यम से, एलजी ने हजारों लोगों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया है।





**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

मुकदमा नं. 90 दिनांक 18.03.2025 धारा 103(1), 238 (B) BNS थाना माडल टाऊन रेवाड़ी



**नामपता नामालुम डैड बाड़ी गली–सड़ी हालात की पहचान हेतु**

**हुलिया–** रंग गेहुँआ बाल काले-सफेद आधे उड़े हुए, उम्र करीब 35-40 साल

**पहनावा** – हल्के हरे रंग की टी-शर्ट जिस पर शेर का टैटू बना हुआ वा काले रंग की सैण्डो बनियान जिस पर पीछे COMMANDO लिखा हुआ नीचे गहरे भूरे रंग की लोवर जिस पर NRX का लोगो बना हुआ। कद करीब 5 फीट 8 ईंच पतला शरीर।

उपरोक्त फोटो मे दर्शाई हुई डैड बाड़ी दिनांक 18.03.2025 को JLN नहर दिल्ली रोड़ रेवाड़ी पर पम्प हाउस नं. 2 में कम्बल में लिपटी हुई, गली-सड़ी हालात में मिलने पर मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजि० किया गया है, जो नाश उपरोक्त की पहचान ना होने पर नाश का दाह संस्कार करवाया जा चुका है। यदि किसी को भी उपरोक्त नाश के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचना दे।

SHO PS MODEL TOWN REWARI-7056666122
POLICE CONTROL ROOM REWARI-01274-225156, 9306952004
पीआरडीएच-1084/11/3216/2025/33256/88/7 दि. 24.03.25

## राशिफल

**मेष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। यात्रा सफल रहेगी।

**वृष** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रहेगा।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कर्क** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा के योग बन रहे हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। माता के परिवार की किसी महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। कारोबार के यात्रा पर जा सकते हैं। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – लाभ के अवसर मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। भागदौड़ अधिक रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक** – खर्चों में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।

**धनु** – भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। अफसरों से वैचारिक मतभेद बढ़ेंगे। वाहन के रखरखाव पर खर्च अधिक होंगे। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

### विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

**हाजीपुर।** आज विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के अंतिम संस्करण के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पू.म.रे., पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरुकता के तहत ओपीडी परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डा. संजय कुमार गुप्ता, अ. मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /फिजिशियन के द्वारा समग्र रूप से टी.बी. बीमारी के इलाज एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक रहने एवं अन्य जानकारियां, डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा नारी अनुवांशिक क्षय रोग के परिप्रेक्ष्य में टी.बी. के इलाज एवं बचाव तथा डा. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /फिजिशियन द्वारा मूत्रजननांगी प्रणाली प्रजनन प्रणाली में टीबी. से संबंधित इलाज एवं बचाव पर व्याख्यान में उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। इस संगोष्ठी में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पैरामेडिकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। मरीजों द्वारा टी.बी. बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा संगोष्ठी में दिया गया।



### नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स ने हरियाणा में 2 सहित 12 राज्यों में 52 नए परिसर शुरू किए

**गुरुग्राम।** नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने 12 राज्यों में 52 नए परिसरों के शुभारंभ के साथ शिक्षा का लोकतंत्रीकरण जारी रखा है। इस विस्तार से उनके 23 राज्यों में 907 परिसरों तक पहुंचने की संभावना है, जिनमें स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर शामिल हैं। इस विस्तार का एक प्रमुख आकर्षण हरियाणा में नारायणा का बढ़ा हुआ फोकस है, जहां यह लंबे समय से अपने मौजूदा स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के लिए जाना जाता है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से बहादुरगढ़ और करनाल में एक-एक स्कूल जुड़ने के साथ, नारायणा के अब राज्य में कुल 16 परिसर हैं, जो व्यापक छात्र आधार को अपना संरचित पाठ्यक्रम और उन्नत शैक्षणिक पद्धतियां प्रदान करते हैं। यह विस्तार हरियाणा के छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सफलता के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। इस वर्ष, हरियाणा के साथ नारायणा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में 4 नए परिसरों, मध्य प्रदेश में 3, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 2-2 नए परिसरों और असम और पंजाब में 1-1 नए परिसरों के साथ आगे विस्तार कर रहा है।

## शब्द पहेली - 5815


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | 14 | ■ | |
| ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | 20 | ■ |
| 21 | ■ | 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | 27 |
| 28 | 29 | ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | 33 | ■ | |
| ■ | 34 | 35 | ■ | 36 | | 37 | ■ | 38 | 39 | ■ |
| 40 | ■ | 41 | 42 | ■ | 43 | | 44 | ■ | 45 | 46 |
| 47 | 48 | ■ | 49 | 50 | ■ | 51 | | 52 | ■ | |
| ■ | 53 | 54 | ■ | 55 | 56 | ■ | 57 | | 58 | ■ |
| 59 | ■ | 60 | 61 | ■ | 62 | 63 | ■ | 64 | | 65 |
| 66 | | ■ | 67 | | ■ | 68 | | ■ | 69 | |

**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर–2
3.बड़ी सवारी गाड़ी–2
5.डोर–2
7.हरे रंग का–2
9.शक,संदेह–3
11.विस्फोटक –2
13.बड़ी नाली–2
15.नमस्कार,नमस्ते–3
17.प्राण–2
19.लक्ष्मी,कमला–2
22.बल,दम–3
24.ठाठ–बाट–2
26.पिता–2
28.कसर–2
30.कुमारी,तरुणी–3
32.जी,चित–2
34.नाखून–2
36.पढ़ने वाला–3
38.उद्देश्य–2
41.मोटा आटा–2
43.नामित–3
45.नर का विलोम–2
47.उर्वरक–2
49.भीगा हुआ–2
51.गिरवी वस्तु–3
53.मनमौजी–2
55.सम्मान–2
57.ले जाने वाला–3
60.आनंद,मजा–2
62.दोस्त,सखा–2
64.निर्माण–3
66.सदैव,हमेशा–2
67.नेत्र,नयन–2
68.आकाश,गगन–2
69.लाख,गोंद–2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी–2)
2.भगिनी,दीदी–3
4.सभी–2
6.गीत गायन–2
8.मार्ग,रास्ता–2
10.मां का दुलार–3
12.आनंद,रस–2
14.थूक,लेस–2
16.अनुकृति–3
18.सरुर,खुमार–2
20.मां,मदर–2
21.घ्राणेंद्रिय–2
23.चरण तल–3
25.भीगा हुआ–2
27.देह,काया–2
29.मछली–2
31.नृत्य करना–3
33.टौंटी,नलका–2
35.गधा,गर्दभ–2
37.कटि–3
39.माफी–2
40.दोस्त,मित्र–2
42.वायु,गैस–2
44.कॉफी–3
46.मूल्य–2
48.जोर,बल–2
50.लक्ष्मी–2
52.जलमार्ग–3
54.स्थिति–2
56.नवीन–2
58.कूड़ा–3
59.नौकर–2
61.सत्य–2
63.दौड़ना–2
65.गर्भनाड़ी–2

### शब्द पहेली- 5814 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | य | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |









# आज अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी।

अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरुआत करने के लिए तैयार है।

### पंजाब किंग्स को 18 साल से खिताब का इंतजार
### मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे



**पहली बार कप्तानी कर रहे गिल**

दूसरी तरफ गिल को भारत का भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। उन्हें हाल में भारत की एकदिवसीय टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने हार्दिक पांड्या के पिछले साल मुंबई इंडियंस से जुड़ जाने के बाद गुजरात की कप्तानी संभाली थी लेकिन उनकी टीम तब आठवें स्थान पर रही थी। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम 2022 में विजेता और 2023 में उपविजेता रही थी।

### गुजरात के पास आदर्श जोड़ी

गुजरात के पास गिल और इंग्लैंड के जोस बटलर के रूप में आदर्श सलामी जोड़ी है। मध्यक्रम की कमान वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान के हाथों में होगी, जबकि ऑलराउंडर राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर से योगदान की उम्मीद है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज अपना प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में उनके साथ देने के लिए कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे अच्छे गेंदबाज शामिल हैं। गुजरात के स्पिन विभाग की जिम्मेदारी फिर से राशिद खान निभाएंगे।

### पंजाब की टीम अय्यर मैक्सवेल पर निर्भर

पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी मुख्य रूप से कप्तान अय्यर, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल पर निर्भर रहेगी। पंजाब की टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व अर्शदीप सिंह करेंगे। उनके अलावा पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग में लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर शामिल हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।



**खास खबर**

## धोनी की फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन



**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं।

## अश्विन की क्रिकेट समझ के कायल हैं रचिन



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत के नायक रचिन रविंद्र ने इसका श्रेय क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने वाले रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले स्पिन आक्रमण को दिया। रविंद्र ने कहा, 'ऐश (अश्विन) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। वह टीम के साथ अपना व्यापक अनुभव और क्रिकेट ज्ञान को जोड़ता है। मेरे कहने का मतलब है कि वह जिस तरह से स्पिन गेंदबाजी के बारे में अपनी बात रखता है और टिप्स देता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और भारत के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं।'

**महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

## मीनाक्षी ने विश्व चैंपियन नीतू को हराकर उलटफेर किया

भाषा ग्रेटर ▶▶| नोएडा

अखिल भारतीय पुलिस की मुक्केबाज मीनाक्षी ने सोमवार को यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराकर 48 किग्रा खिताब के बचाव की ओर एक कदम आगे बढ़ाया। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 24 वर्षीय मीनाक्षी ने तीनों राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और 4-1 से विभाजित फैसले से जीत हासिल कर प्रतियोगिता में सबसे बड़ा उलटफेर किया। अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू लय में नहीं दिखीं और संघर्ष करती रहीं। मीनाक्षी ने कहा, "मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में नीतू से हार गई थी, इसलिए मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा।" अब मीनाक्षी का सामना दिल्ली की संजना से होगा जिन्होंने चंडीगढ़ की गुड्डी को रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हराया। दिन के अन्य विजेताओं में 2014 इंचियोन एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता पूजा रानी (75 किग्रा) और विश्व और एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर (54 किग्रा) शामिल थीं जिन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए पूजा ने कोमल को 5-0 के अंतर से हराया। लाठेर ने चंडीगढ़ की मोनिका पर 4-3 से जीत हासिल की और फाइनल के एक कदम करीब पहुंच गईं। 60 किग्रा सेमीफाइनल में उनके साथ संजू और उत्तर प्रदेश की अपराजिता मणि भी शामिल थीं।

युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने भी कर्नाटक की एए सांची बोलम्मा पर पहले दौर की आरएससी जीत के साथ लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन राजस्थान की ललिता (70 किग्रा) ने भी पंजाब की कोमलप्रीत कौर को 4-1 के विभाजित निर्णय से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। साक्षी ने बिना किसी परेशानी के पहले दौर में आरएससी में लद्दाख की कुलसुम पर जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले चरण में रजत पदक जीतने वाली साक्षी अब स्वर्ण पदक जीतने से केवल दो कदम दूर हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने एलएसजी पर दर्ज की एक विकेट की रोमांचक जीत

## आशुतोष ने छक्का मारकर जिताया, विपराज निगम रहे गेमचेंजर

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम



दिल्ली कैपिटल्स ने 'इम्पैक्ट सब' आशुतोष शर्मा की सूझबझ से खेली गई 31 गेंद में नाबाद 66 रन की तूफानी पारी से सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को तीन गेंद रहते एक विकेट से हरा दिया। आशुतोष ने शाहबाज अहमद की गेंद पर गगनदायी छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले निकोलस पूरन (75 रन) और मिचेल मार्श (72 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों के बाद वापसी करते हुए एलएसजी को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। फिर उसने आशुतोष की धमाकेदार पारी 19.3 ओवर में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत काफी खराब रही जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर सात रन था। इससे ऐसा लग रहा था कि यह लक्ष्य उसके लिए बहुत बड़ा है लेकिन आशुतोष ने उसकी उम्मीदों को पंख लगाकर जीत दिलाई। आशुतोष और विप्रज निगम (39 रन) ने तेजी से खेलते हुए सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 55 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। पर 17वें ओवर की पहली गेंद पर राठी की कैरम बॉल लेग साइड पर फ्लिक करने के प्रयास में विप्रज कैच आउट हो गए। दूसरे छोर पर साथ नहीं मिलने के बावजूद आशुतोष अंत तक डटे रहे और अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।

## पुथुर ने पदार्पण मैच में किया प्रभावित



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गए इस मैच को चार विकेट से हार गई। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है।

**खबर संक्षेप**



### तमीम सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ा। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहम्मडन की कप्तानी कर रहे तमीम ने एक ओवर तक क्षेत्ररक्षण किया, जिसके बाद सीने में दर्द के कारण उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### न्यूजीलैंड विश्व कप के लिए क्वालीफाई

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने ओशिनिया परिसंघ क्वालीफाइंग श्रृंखला के फाइनल में सोमवार को न्यू कैलेडोनिया को 3-0 से हराकर अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की। यह तीसरा अवसर है जबकि न्यूजीलैंड ने विश्व कप में जगह बनाई। इससे पहले वह स्पेन में 1982 में और दक्षिण अफ्रीका में 2010 में खेले गए विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा था।

NEW ZEALAND FOOTBALL

**नेशंस लीग फुटबॉल**

## स्पेन-फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में जीत सेमीफाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| पेरिस

गत चैंपियन स्पेन और फ्रांस ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के अलावा जर्मनी और पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे चरण के मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करके 3-3 से ड्रॉ खेला।

इस तरह से कुल स्कोर 5-5 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने डोनियल मैलेन के प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने निर्णायक पेनल्टी किक मारी। इस तरह से स्पेन ने शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की।

### एम्बाप्पे लगातार 7वें मैच में फेल

फ्रांस ने भी पेनल्टी शूटआउट में क्रोएशिया को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे लगातार सातवें मैच में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से गोल नहीं कर पाए। लेकिन माइकल ओलिसे ने 52वें मिनट में फ्री किक पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया जबकि ओस्मान डेम्बेले ने निर्धारित समय से 10 मिनट पहले गोल करके कुल स्कोर 2-2 कर दिया। क्रोएशिया ने पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था। पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस के गोलकीपर माइक मेगनन ने जोसिप स्टानिसिच के शॉट का शानदार बचाव किया जिसके बाद डेयोट उपामेकानो ने निर्णायक गोल किया।

### जर्मनी और पुर्तगाल की शीर्ष चार में एंट्री

जर्मनी ने इटली के खिलाफ पहले हाफ में तीन गोल किए लेकिन फिर 3-3 की बराबरी पर रहकर 5-4 के कुल स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुर्तगाल ने लिस्बन में पहला चरण 1-0 से हारने के बाद अतिरिक्त समय तक चले मैच में डेनमार्क को 5-2 के कुल स्कोर से पराजित किया। फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने पुर्तगाल के लिए दो गोल किए जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो शुरुआती पेनल्टी चूक गए। पहले सेमीफाइनल चार जून को म्यूनिख में जर्मनी और पुर्तगाल के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पांच जून को स्टटगार्ट में फ्रांस और स्पेन के बीच मुकाबला होगा। फाइनल आठ जून को खेला जाएगा।

### पुणे में होगा बिली जीन किंग कप का टूर्नामेंट

**पुणे।** बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट आठ से 12 अप्रैल तक यहां बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित छह टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में अन्य टीमें न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन, कोरिया और थाईलैंड होंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच, दो एकल और उसके बाद युगल मुकाबले होंगे। टीमें इस क्षेत्र से उपलब्ध दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, 'मुंबई ओपन डब्लूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्च स्तर का एक और टूर्नामेंट हासिल कर रोमांचित है।' भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अंकिता रैना करेंगी और इसमें सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी शामिल होंगी जिनकी रैंकिंग 300 से 358 के बीच है।




# हरमनप्रीत, मंधाना, दीप्ति केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर ऋचा घोष और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी ग्रेड बी में बनाए रखा गया है।

युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराउंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। उन्हें यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड सी में शामिल किया गया है। केंद्रीय अनुबंध में ए श्रेणी में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, बी श्रेणी की क्रिकेटर को 30 लाख और सी श्रेणी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।



### अनुबंध वाले खिलाड़ियों की सूची

**ग्रेड ए :** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा।
**ग्रेड बी :** रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा।
**ग्रेड सी :** यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

**कप्तानी में पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को किया खारिज**

# प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को रखूंगा अपडेट : धोनी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज किया। धोनी ने कह कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

धोनी ने कहा, 'बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा।

हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है।'



### सलाह देता हूं पर थोपता नहीं

चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते, लेकिन उन्होंने 2024 के सत्र से पहले गायकवाड़ को कमान सौंप दी थी। धोनी ने कहा, 'ऋतुराज काफी समय से हमारी टीम का हिस्सा हैं। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है, वह बहुत शांत हैं, बहुत धैर्यवान हैं। इसलिए हमने उन्हें कप्तान के रूप में चुना। मुझे याद है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मैंने उनसे यह भी कहा था, अगर मैं आपको सलाह देता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसका पालन करना होगा। मैं जितना संभव हो सके दूर रहने की कोशिश करूंगा। बहुत से लोगों को लगा कि मैं पर्दे के पीछे से फैसले कर रहा था। लेकिन सच तो यह है कि वह 99 फीसदी फैसले ले रहे थे।'

## एडीए के अधिकारी का बड़ा दावा

# भारत में बन रहे एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, अमेरिका व चीन की छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को 'मात' देने में हैं सक्षम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी का दावा है कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर इतना ज्यादा प्रचार हो रहा है, जिसने भारत के 5.5 पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को ओवरशैडो कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन अपने छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों का जितना प्रचार कर रहे हैं।

असलियत उससे काफी अलग है। जो खूबियां छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को एडवांस बनाते हैं, वो एएमसीए में भी होने वाले हैं। एएमसीए भारत का 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो साल 2028 तक अपनी पहली उड़ान भरेगा। अधिकारी ने कहा कि एएमसीए में भी वो खूबियां होंगी, जो छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बतलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान में चुनिंदा खूबियां होंगी। दूसरे देशों के फाइटर जेट एएमसीए जितने सक्षम और एडवांस नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि एएमसीए भारत की महत्वकांक्षाओं की भावी योजना को दिखाता है, जबकि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश अपने छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को लेकर जो बातें कर रहे हैं, वो जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती हैं, इससे पता चलता है कि उनकी महत्वकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच कितना फर्क है।

छठी पीढ़ी के विमान बेंचमार्क पर लड़खड़ाते दिख रहे

भारत का एएमसीए 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम

एएमसीएम में डेटा फ्यूजन और एआई जैसी क्षमताएं



### फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन भी नहीं बना पाए

*अधिकारी ने कहा कि छठी पीढ़ी हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका और चीन की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो लंबी दूरी की क्षमताओं का वादा करते हैं, लेकिन वे उस बेंचमार्क पर लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। वह अभी तक फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन (वीसीई) का प्रदर्शन नहीं बना सके हैं, जो छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वीसीई को छठी पीढ़ी प्रोपल्शन का अहम हिस्सा माना जाता है, जो हमला करने के लिए हवा के प्रवाह को गतिशीलता के साथ समायोजित करता है। इससे उसकी अटैक रेंज 30 पर्सेंट तक बढ़ जाती और सुपीरियर थर्मल मैनेजेंट भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन में से कोई भी एक फंक्शनल वीसीई का प्रदर्शन नहीं कर सका है।*

### बड़े देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे

उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक एक्सए 100 की टेस्टिंग कर रहा है, जबकि चीन तो अपने पांचवी पीढ़ी के जे-20 के डब्ल्यूएस-15 इंजन में ही उलझा हुआ है तो छठीं पीढ़ी के विमानों की बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि ये देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे हैं। भारत का 5.5 पीढ़ी वाला एएमसीए 2028 तक अपनी पहली फ्लाइट भर लेगा। अमेरिका ने साल 2020 में नेक्स्ट जेनरेशन एयर डोमिनेंस (एनजीएडी) प्रोग्राम के तहत एक प्रोटोटाइप की उड़ान भरी थी, जिसे नेक्स्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट का बताया गया था। हालांकि, उसके इंजन की डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं।

### विकसित देशों की बातें हवा-हवाई

उधर, चीन के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की चर्चा पिछले साल तब शुरू हुई थीं, जब उसने एक उड़ान भरते हुए लड़ाकू विमान का वीडियो जारी किया था, जिसमें टेल नहीं थी। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि वह नेकेस्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट तैयार कर रहा है। यूरोपीये देशों में भी छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की होड़ लगी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन मिलकर इस काम में जुटे हुए हैं। ब्रिटेन के ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) और फ्रैंको-जर्मन-स्पेनिश फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) छठी पीढ़ी के वीसीई को मिलकर विकसित कर रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि छठी पीढ़ी के विमानों के निर्माण को लेकर विकसित देशों की बातें हवा-हवाई प्रतीत होती हैं। इन देशों के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट एएमसीए जितने क्षमतावान और समर्थ नहीं होंगे। ये न तो 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम होंगे और न ये डेटा फ्यूजन और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी क्षमताओं से सुसज्जित होंगे, जो पहले से ही हमारे रोडमैप का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### बाल मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा मंजूर

**लंदन।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की



शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। 58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया।

### पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज

**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में



पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया था। विपक्षी सांसदों ने उन पर भी महाभियोग लगाया था।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष दी जानकारी

# पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं यूनुस, बिम्सटेक सम्मेलन में द्विपक्षीय वार्ता का किया है अनुरोध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए थे। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

*भारत बिम्सटेक को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है*

### भारत सरकार अंतरिम सरकार के समक्ष मुद्दे उठा रही



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर



अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा।

### सार्क से ज्यादा प्रभावी होगा बिम्सटेक

भारत बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक मजबूत आर्थिक और रणनीतिक गठजोड़ के रूप में विकसित कर रहा है। यह सार्क की तुलना में अधिक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। बता दें कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतंत्र को मजबूत करने के पक्ष में है,लेकिन, भारत यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें हावी न हों।

### पाकिस्तान की वजह से सार्क निष्क्रिय

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क/दक्षेस (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि पीएम मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात

### पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

*पीएम मोदी ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। बता दें, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है।*

## कठुआ मुठभेड़ पर बोले सीएम अब्दुल्ला

# लोगों के सहयोग बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता



एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सहयोग दे रही है। विधानसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह (सुरक्षा) सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं बार-बार कह रहा हूं कि लोगों के सहयोग के बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी सरकार स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति बनाए रखने के लिए उपराज्यपाल का भी सहयोग कर रही है।

### सीमावर्ती गांवों में अभियान जारी

सीएम ने कहा कि अभियान सीमावर्ती गांव में चल रहा है और संभव है कि वे सीमा पार से आए हों। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई बयान देना जल्दबाजी होगी। आतंकवादियों द्वारा कठुआ और बिलावर को बार-बार निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां देखी गई हैं, जैसा कि हमने राजौरी, पुंछ और कई अन्य इलाकों में देखा है। बता दें, जम्मू के कठुआ जिले में रविवार देर शाम आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। जिले में घने जंगलों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त कमांडो, ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से ऑपरेशन को और तेज किया है।

### मौके पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

जंगल की आड़ में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए एनएसजी कमांडो को लाया गया है। हीरानगर के सन्याल में पांच आतंकियों को देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो समूहों में पांच से छह आतंकवादी शनिवार को घुसपैठ कर सकते हैं। गांव की महिलाएं लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान आतंकवादियों को देख चुकी हैं। कठुआ जिला पिछले एक साल से पाकिस्तान आधारित आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख घुसपैठ मार्ग बन गया है। इस क्षेत्र में हाल के महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

## इजराइली सेना का गाजा में हमला

# अस्पताल के अंदर रह रहे हमास के दो प्रमुख कमांडरों को मारा

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

इजराइली रक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल में हमला करके दो प्रमुख हमास कमांडर को मार डाला। इजराइली रक्षा बल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में नासिर अस्पताल के अंदर से काम कर रहे दो प्रमुख हमास कमांडरों को मारा गया। यह हमला खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सटीक हथियारों के साथ किया गया था। इजराइली सेना ने हमास पर नागरिक स्थलों का ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। सेना ने कहा कि हमास गाजा की आबादी को खतरे में डालकर नागरिक बुनियादी ढांचे का दोहन करता है। एक अस्पताल का उपयोग घातक हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए आश्रय के रूप में करता है।

### नेतन्याहू के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष, गृह युद्ध की आशंका

इजराइल देश में अब गृह युद्ध की आशंका है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार के खिलाफ लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। अगर इजराइली सरकार देश के शीर्ष कानूनी और सुरक्षा अधिकारियों को हटाने पर



अड़ी रहेगी तो सांविधानिक संकट पैदा हो सकता है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा सेवा) के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने इस कदम को उठाने के पीछे हमास के 7 अक्तूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफलता के कारण का हवाला दिया।

### अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया

नेतन्याहू की सरकार ने अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वे सरकार के एजेंडे में बाधा डाल रहे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शिन बेट नेतन्याहू के कार्यालय में संभावित घुसपैठ की जांच कर रही है। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार का मुकदमा भी चल रहा है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव के कारण इजराइल में तनाव बढ़ने का खतरा है।

## रिपलिंग के शंकर ने पत्नी पर लगाए आरोप

# बेटे का किया अपहरण, उसके अवैध संबंध भी, तलाक के लिए बड़ी राशि मांग रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चेन्नई के टेक आंत्रप्रेन्योर प्रसन्ना शंकर इन दिनों चर्चा में हैं। हाल के दिनों में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी कहानी को साझा किया है। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक पोस्ट में दावा किया कि वह अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी पत्नी अब तलाक के लिए एक बड़ी राशि की डिमांड कर रही हैं। शंकर ने यह भी दावा किया कि उनकी पत्नी चेन्नई पुलिस के साथ मिलकर उन्हें परेशान कर रही है। शंकर सिंगापुर बेस्ड क्रिप्टो सोशल नेटवर्क पीपीएलडॉटकॉम के संस्थापक हैं। इससे पहले वह रिपलिंग नाम की एक कंपनी की भी स्थापना



कर चुके हैं। प्रसन्ना ने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उल्टा उनकी पत्नी ने उन पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। पत्नी ने भारत की बजाय अमेरिका में तलाक की अर्जी दी। कहा कि उनकी पत्नी ने उनके 9 साल के बेटे के अमेरिका में छुपाए रखा। इसी वजह से उन्होंने अपनी पत्नी के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया। बाद में अमेरिकी अदालत ने प्रसन्ना के पक्ष में फैसला सुनाया था।

## कनाडा में 28 अप्रैल को होंगे आम चुनाव

# पीएम बोले- ट्रंप से निपटने मजबूत जनादेश दें, टैरिफ वार बड़ा खतरा

एजेंसी ▸▸ टोरंटो

कनाडा में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए देश के नए पीएम मार्क कार्नी और उनके प्रतिद्वंद्वी एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। ट्रंप की ओर से कनाडा की संप्रभुता को पैदा किए गए खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में दोनों ने यह बयान दिया है। कार्नी ने घोषणा की कि 28 अप्रैल को मतदान से पहले पांच सप्ताह तक चुनाव प्रचार अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहते हैं।

### ईयू के साथ किया व्यापार समझौता



कार्नी ने बताया कि उन्होंने पीएम पद की शपथ लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ नए राष्ट्रीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ संबंधों को मजबूत करने का काम किया, यूरोपीय यूनियन के साथ नए व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि वो महिलाओं के अबॉर्शन अधिकार का समर्थन करते हैं।

### ट्रंप की धमकियों से बड़े संकट का सामना कर रहे

कार्नी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अनुचित व्यापारिक कदमों और हमारी संप्रभुता के खिलाफ उनकी धमकियों के कारण हम अपने जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। ट्रंप हमें तोड़ना चाहते हैं ताकि अमेरिका हमारा मालिक बन सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे। कार्नी पहली बार संसद सदस्य बनने के लिए ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन से चुनाव लड़ेंगे।




## शिमला एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# पायलट को लगाने पड़े इमरजेंसी ब्रेक उपमुख्यमंत्री और डीजीपी भी थे सवार

एजेंसी ▸▸ शिमला

शिमला स्थित जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से शिमला आ रही एलायंस एयर की एटीआर फ्लाइट लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गई और रनवे पर सही दूरी तय नहीं कर पाई। विमान अपेक्षा से काफी आगे उतर गया, जिससे अंतिम छोर पर पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। इस घटना में विमान में सवार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और अन्य यात्री भी मौजूद थे। विमान में अचानक हुई इस परेशानी के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



हालांकि, पायलट और क्रू मेंबर्स की सूझबूझ और अनुभव के कारण विमान को सुरक्षित रूप से रोक लिया गया। विमान की लैंडिंग को लेकर एलायंस एयर ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए धर्मशाला जाने वाली अगली फ्लाइट को रद्द कर दिया और अन्य उड़ानों पर भी अस्थायी रोक लगा दी। जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे अपनी सीमित लंबाई के कारण हमेशा विमानों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है।

## सऊदी अरब में यूक्रेन जंग रोकने को लेकर अमेरिका-रूस ने की दोबारा बातचीत

# जल्द शांति और सुरक्षा को मजबूत करने की कर रहे पैरवी


एजेंसी ▸▸ रियाद

यूक्रेन जंग रोकने को लेकर सऊदी अरब के रियाद में अमेरिका और रूस की बैठक की। इससे पहले अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी। दोनों अधिकारियों ने पावर प्लांट्स की सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की। अमेरिका यूक्रेन को पहले ही प्रस्ताव दे चुका है कि वह पावर प्लांट्स (ऊर्जा ठिकानों) की सुरक्षा के लिए उन्हें अमेरिका को सौंप दे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक बयान में बताया कि बातचीत काफी उपयोगी रही। यूक्रेन के रक्षामंत्री रुसतेम उमेरोव के मुताबिक इस बातचीत का मकसद जल्द शांति और सुरक्षा को मजबूत करना है। इन सब पर सोमवार को तकनीकी बातचीत हुई। वहीं जेलेंस्की ने अपने सहयोगी देशों, खासतौर से अमेरिका से पुतिन को हमले रोकने के लिए आदेश देने के लिए कहा।

### जेलेंस्की की गुहार, पुतिन को हमले रोकने का दें सभी देश

### ट्रंप बोले- दोनों देश एक दूसरे के उर्जा ठिकानों पर हमला न करें

### काला सागर में जहाजों की सुरक्षा पर चर्चा



यूक्रेन जंग के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में ब्लैक सी (काला सागर) में जहाजों की सुरक्षा के मुद्दे पर बात हुई। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने यह जानकारी दी। इससे पहले पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत की थी। इस दौरान ट्रंप ने दोनों नेताओं से एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले न करने के लिए कहा था। हालांकि, इस बातचीत में स्पष्टता की कमी की वजह से यह समझौता लागू नहीं हो पाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109